भाद्रपद कृष्ण पक्ष-09, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 85 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
08 सितंबर 2023 शुक्रवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## प्रदेश के सभी मैदानी अफसरों से कृषि व बिजली समस्या पर की बात

### सीएम की हिदायत

# चुनावी व्यवस्था के कारण योजनाओं पर न पड़े असर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विस चुनाव के ऐलान से पहले मप्र सरकार तेजी में हैं। आज किसानों व बिजली की समस्या पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मैदानी अफसरों को जरूरी हिदायतें दी और कहा कि इस मामले में लेतलाली नहीं बर्दाशत होगी,क्योंकि सरकार की पहली प्राथमिकता ही किसान और गरीब हैं। अफसर ध्यान रखें कि चुनाव की व्यवस्था के कारण आम लोगों को कोई दिक्कत न हो , योजनाएं संचालित होती रहें। उन्होंने अफसरों से कहा कि यदि कोई समस्या है तो अभी ही बता दें। दरअसल आज सुबह मुख्यमंत्री ने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के संबंध में सभी कमिश्नर्स-कलेक्टर, पुलिस अधीक्षकों-आईजी से सीधी बात की। उन्होंने फसलों के नुकसान के बारे में मैदानी अफसरों से जानकारी ली और कहा कि अभी फिर से बारिश प्रारंभ हुई यह प्रसन्नता की बात है लेकिन कई जगह सोयाबीन की फसलों का नुकसान हुआ है। इसलिये सभी जिला अधिकारी फसलों की स्थिति पर नजर रखे जहां भी अल्प वर्षा के कारण नुकसान हुआ वहां राहत दी जाएगी तथा फसल बीमा का पैसा भी दिया जाएगा। वास्तविकता के आधार पर आकलन कर नुकसान होने पर राहत देंगे।

बिजली के मामले में उन्होंने कहा कि अभी तो स्थिति सामान्य है, मगर एक बार और समीक्षा की जाएगी। फिलहाल ऊर्जा विभाग के साथ कलेक्टर कमिश्नर भी आपूर्ति की स्थिति देखेंगे तथा हर हाल में 10 घंटे कृषि के लिए आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि फसलों का नुकसान न हो इसके लिए एडवाइज और समुचित निर्देश देते रहें। यदि बांधों में पानी है तो बैठक कर तय करे कि पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराए। खाद आपूर्ति सुनिश्चित करना कलेक्टर की ड्यूटी है। समय पर बताएं यदि कहीं कमी हैं तो दूर करेंगे। रबी की फसल की बोनी के पहले पूरा आकलन कर विभाग को बताएं।




### कानून व्यवस्था की समीक्षा करें

कानून व्यवस्था की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की चुस्ती फुर्ती और सावधानी में कोई कमी नहीं आना चाहिये। उन्होंने डीजीपी को निर्देश दिए कि आप भी लगातार समीक्षा करते रहें ताकि तीज त्योहार में कानून व्यवस्था दुरुस्त रहे। सभी एसपी-कलेक्टर शांति समिति की बैठक कर आवश्यक निर्णय ले।शांति सुरक्षा का माहौल बनाएं।

### अब जनआवास योजना पर पूरा फोकस

*जानकारी के मुताबिक कांफ्रेस में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित जन आवास योजना को लेकर अफसरों को खास ताकीद दीं। इस योजना में वो गरीब रहेंगे जिनके नाम पीएम आवास में नहीं जुड़े। सीएम ने कहा कि उनके आवेदन मंगाए जा रहे हैं, फिर सूची बनेगी। मगर अफसर ध्यान रखें कि इस सूची बनाने में कोई अनैतिक कार्य न शुरू हो जाएं। उन्होंने कहा कि परसो ही लाडली बहना दिवस है, इस दिन मैं ग्वालियर से बहनों के खाते में पैसा डालूंगा, 14 सितंबर को पीएम मोदी बीना आ रहे हैं, यहां 50 हजार करोड़ का निवेश आ रहा है। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार, राजोरा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना उपस्थित थे।*

# खबरनवीसों की सुध लेते सियासी दल

*आखिरकार मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने सूबे के खबरनवीसों की सुध लेते हुए उनके हित में कई कल्याणकारी योजनाओं के ऐलान किए हैं। इसके लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बल्कि उनकी जनसंपर्क टीम के मनीष सिंह और आशुतोष प्रताप सिंह सरीखे अफसर भी बधाई के पात्र हैं। हालांकि शिवराज सरकार की पहल को शिगूफा बताते कांग्रेस ने कुछ और बेहतर करने का दावा किया है।*

*दरअसल बीते कुछ सालों से मीडिया वर्ग की सरकारों ने जमकर अनदेखी की थी। केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद से यह सिलसिला शुरू हुआ। कमलनाथ की 15 साल की सरकार में उनके कुछ सलाहकारों ने इसे बढ़ाया। और फिर कोरोना काल में तो मीडिया की भारी दुर्गति हुई। केंद्र और राज्य सरकारों ने कोरोना से प्रभावित अनेक वर्गों के लिए पैकेज घोषित हुए लेकिन मीडिया को सभी ने छोड़ दिया। जबकि कोरोना काल में घटती आय के नाम पर देश में तकरीबन दस लाख मीडियाकर्मियों की छटनी हुई लेकिन सरकारों ने उनको उनके हाल पर छोड़ दिया।*

*बहरहाल देर आए पर दुरूस्त आय की तर्ज पर पत्रकारों की बदहाली पर सरकार का ध्यान आया है तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सबसे अहम ऐलान तो पत्रकारों और उनके परिवारों को मिलने वाली बीमा योजना में बीमा कंपनियों व्दारा बढ़ाई गई 27 फीसदी प्रीमियम राशि का भुगतान सरकार के खाते से करने को लेकर किया है। 65 साल से ज्यादा उम्र के पत्रकार और उनकी पत्नी की बीमा राशि का भुगतान सरकार करेगी। पत्रकार सम्मान निधि 10 दस हजार से बढ़ाकर बीस हजार रूपए कर दी है। भोपाल में तो पत्रकारों को दो कालोनियों में सरकार ने जगह दी लेकिन अब उसने दूसरे शहरों में भी सहकारी समितियों के जरिए जगह देने का वादा किया है।*

*सामान्य बीमारी में 20 हजार के बजाए 40 हजार और गंभीर बीमारी में पचास हजार के बजाए एक लाख तक की रकम जनसंपर्क विभाग अपनी तरफ से दे सकेगा। इससे ज्यादा खर्च होने की स्थिति में पैसा देने का फैसला मुख्यमंत्री करेंगे। सम्मान निधि पा रहे पत्रकारों के निधन पर उनके परिजनों को लिए वाली पेंशन राशि के बजाए एकमुश्त 8 लाख रूपए का भुगतान सरकार करेगी। अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत अधिकतम ऋण की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रूपए की जाएगी। अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों के बेटे-बेटियों की शिक्षा के लिए बैंक से ऋण पर उसके ब्याज पर 5 प्रतिशत ब्याज*

*अनुदान 5 वर्ष के लिए राज्य सरकार वहन करेगी। छोटे शहरों और कस्बों के पत्रकार साथियों की जरूरत के अनुसार उन्हें भोपाल में डिजिटल तकनीक का प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। इसके लिए जनसंपर्क विभाग आवश्यक व्यवस्थाएं करेगा। पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए वरिष्ठ पत्रकारों की समिति गठित होगी। पांच साल से लंबित से स्टेट मीडिया सेंटर भी बनेगा।*

*जाहिर है कि ये तमाम फैसले पत्रकारों के हित में है। खुशी है चुनावी दहलीज पर खड़ी सरकारों ने मीडिया बिरादरी और उनके परिवारों के वोटिंग पावर को समझा है। लेकिन कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता केके मिसरा ने जिस अहम मुद्दे को उठाया है, उस पर भी सरकार को ध्यान देना होगा। रेल मंत्रालय ने कोरोना काल में अस्थाई तौर पर रेलवे कंशेसन की 50 केटेगरी में से जिन 46 केटेगरी में कंशेसन सुविधा को रोका था उनमें पत्रकार को टिकटों में मिलने वाली रियायत भी शामिल थी। इसे अभी तक बहाल नहीं किया है।*

*प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने शिवराज की पत्रकार कल्याण की योजना को शिगूफा करार दिया है। उन्होंने यकीन दिलाया है कि कांग्रेस पार्टी अपने घोषणा पत्र में पत्रकारों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक सम्मान के हित में बेहतर और महत्वपूर्ण योजना सामने लेकर आएगी। उम्मीद की जाना चाहिए कि बीते सालों से पत्रकार बिरादरी के हित में भी सरकारें सोचेंगी।*



प्रसंगवश
**राजेश सिरोठिया**

## 7 सीटों पर नतीजों की बारी, उप्र में भाजपा पीछे तो त्रिपुरा में जीत

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव की मतगणना जारी है। भापा ने त्रिपुरा की दोनों सीटें जीत ली हैं लेकिन उप्र की घोसी सीट उसका दर्द बन रही है। यहां सपा उम्मीदवार आगे है। सात सीटों में से तीन (धनपुर, बागेश्वर और धूपगुड़ी) पर भाजपा और एक-एक पर समाजवादी पार्टी (घोसी), सीपीआई (एम) (बॉक्सानगर), जेएमएम (डुमरी) और कांग्रेस (पुथुपल्ली) का कब्जा था.इन सभी सीटों पर उपचुनाव 5 सितंबर को मतदान हुआ था।

सबसे ज्यादा नजर किसी सीट पर टिकी है तो वह है यूपी की घोसी सीट, जहां कांग्रेस ने सपा को अपना समर्थन दिया है। इस तरह से यह एनडीए व इंडिया गठबंधन के बीच का मुकाबला बन गया है। उत्तराखंड की बागेश्वर सीट भाजपा विधायक के निधन के बाद खाली हुई थी। यहां सीधा मुकाबला कांग्रेस से है। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का उम्मीदवार पीछे हैं। झारखंड की डुमरी सीट पर एनडीए उम्मीदवार और इंडिया उम्मीदवार के बीच मुकाबला है।



## विश्वनाथ धाम में रेकॉर्ड 17 करोड़ का दान

**वाराणसी , एजेंसी।**

इस बार सावन में श्री काशी विश्वनाथ धाम में दान के सारे रिकॉर्ड टूट गए। पिछली बार की अपेक्षा श्रद्धालुओं ने पांच गुना ज्यादा चढ़ावा चढ़ाया है। सावन में 1.63 करोड़ 17 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा दरबार में हाजिरी लगाई और 16.89 करोड़ रुपये दान दिया है। धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के मुताबिक, गत वर्ष सावन के दौरान 3.40 करोड़ 71 हजार 065 रुपये का चढ़ावा आया था। ज्ञात हो कि विश्वनाथ धाम पहले 3हजार स्क्वायर फीट में था। अब दायरा पांच लाख स्क्वायर फीट का हो गया है। इससे श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ।



## होटल व्यवसायी ने खुद को गोली मारी, 7 पेज का सुसाइड नोट

**इंदौर , एजेंसी।**

शहर के मारुति नगर में होटल व्यवसायी आदित्य शर्मा ने अवैध पिस्टल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली, आदित्य ने सात पन्ने का सुसाइड नोट लिखा है। एक पन्ने पर लिखा कि सबसे पहले राजू भैया (कांग्रेस पार्षद) को फोन लगाना। आत्महत्या के पूर्व उसने अपने मोबाइल और वाईफाई का पासवर्ड भी लिखा था। टीआइ के मुताबिक, गोली कनपटी पर दाईं तरफ मारी गई है। आदित्य ने जो पर्चे चस्पा किए हैं, उन पर लिखा कि सारे गेट मैं स्वयं खोलकर सोया था, मेरे दोस्तों को मेरी मौत का जिम्मेदार मत समझना। टीआइ के मुताबिक, आदित्य पार्षद के साथ ही रहता था। एमआर-10 स्थित पार्टनरशिप में आदित्य का होटल है। उसने लिखा है कि मैंने आठ साल पूर्व ही सोच लिया था कि 30 साल तक ही जिंदा रहूंगा।




## सामंथा के राजनीति में जाने की अटकलें

**हैदराबाद , एजेंसी।**

दक्षिण व हिंदी फिल्मों की मशहूर क्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु के राजनीति में जाने की अटकलें तेज हो गई है। उन्होंने ऐलान किया था कि वह करीब 6 महीने का ब्रेक पर हैं। चर्चा है कि वह राजनीति में किस्मत आजमा सकती हैं। दरअसल कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर सामंथा रुथ ने बताया था कि उन्हें ऑटो इम्यून डिसऑर्डर नाम की बीमारी हो गई है। इस वजह से उन्हें कई तरह की तकलीफों से गुजरना पड़ रहा है। लिहाजा छुट्टी लेकर खुद के लिए समय निकाला था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 'पुष्पा' गर्ल पॉलिटिक्स में आने के लिए तैयार है। क्योंकि वे हमेशा से किसानों को लेकर अपना समर्थन जताती रही हैं। वह राज्य की हैंडलूम कपड़ों की भी ब्रांड एम्बेसडर हैं। अटकलों के मुताबिक सामंथा रुथ, के.चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति (BRS) से जुड़ सकती हैं।



## 70 करोड की जवान सबसे बड़ी ओपनर बनी



**मुंबई , एजेंसी।**

हिंदी फिल्म उद्योग के अच्छे दिन चल रहे हैं। अब कल रिलीज फिल्म जवान ने पहले दिन करीब 70 करोड से ज्यादा का कारोबार करके नया रेकार्ड बना दिया है। आज सुबह आए कारोबारी आंकडों के मुताबिक 'जवान' ने पहले दिन सिर्फ भारत में ही, 73 से 75 करोड़ रुपये की रेंज में नेट कलेक्शन किया है। अब तक हिंदी सिनेमा के इतिहास में, एक दिन की सबसे बड़ी कमाई 'पठान' के नाम थी। यह भी शाहरुख खान की ही फिल्म थी। रिपोर्ट्स कहती हैं कि सिर्फ हिंदी वर्जन से ही 'जवान' ने पहले दिन 63-65 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। यह फिल्म तेलगु व अन्य भाषा में भी रिलीज की गई है।

### मेट्रो एंकर

## जी 20 के लिए जुटने लगे कई देशों के प्रेसिडेंट-पीएम, दिल्ली में लॉकडाउन

# तीन दिन दुनिया का सबसे बड़ा हॉट स्पाट भारत मंडपम्

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

राजधानी में आज शाम से शुरू हो रही जी-20 शिखर समिट की गहमागहमी है। इसका औपचारिक उद्घाटन कल होगा व यह दस सितंबर तक चलेगी। सम्मेलन में हिस्सा लेने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन आज शाम आ रहे हैं जबकि ब्रिटेन के पीएम सुनक दोपहर को पहुंच रहे हैं। दिल्ली में देश का सबसे बड़ा इनडोर हॉल यानी भारत मंडपम दुनिया की महाशक्तियों को एक मंच पर लाने के लिए तैयार है। ये पहली बार होगा, जब दुनिया के शक्तिशाली देश के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली में एक साथ एक वक्त पर होंगे। यानि करीब 60 घंटे के लिए भारत की राजधानी दिल्ली दुनिया का सबसे हॉट सेंटर होगा। हालाांकि इस दौरान दिल्ली दुनिया का सबसे सेफ जोन भी होगा।

अमेरिका राष्टपति के साथ भारी भरकम सुरक्षा इंतजाम व सीक्रेट सर्विस ऐजेंट्स रहेंगे। बाइडन चार दिन भारत में रहेंगे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से अधिक विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। आज मोदी की मॉरीशस, बांग्लादेश और अमेरिका के राष्ट प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। इधर दिल्ली को दुल्हन की तरह सजाया गया है और कड़े सुरक्षा प्रबंधों के चलते नई दिल्ली के अधिकांश इलाके में 'लाकडाउन' कर दिया गया है,यानि बसें,मेट्रो,दफ्तर,स्कूल आदि बंद हैं।



### मेहमानों के लिए सोने चांदी की तश्तरी

देश की राजधानी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियां बहुत खास तौर पर की गई हैं और इस आयोजन के लिये कल से दिल्ली का 'लाकडाउन' भी शुरू हो रहा है। इस दौरान दफ्तर,स्कूल,मेट्रो आदि बंद रहेंगी। वहीं सम्मेलन के मेहमानों के खाने-पीने के लिये स्पेशल व्यंजनों के साथ-साथ खास तरह के क्रॉकरी सेट का इंतजाम किया गया है। मेहमानों को चांदी और सोने को तश्तरी में खाना परोसा जाएगा जिसमें भारत की संस्कृति और विरासत की झलक देखने को मिलेगी। इन बर्तनों को बनाने वाली कंपनी के मुताबिक, उनकी आईरिस कंपनी 11 होटलों में बर्तन भिजवा रही है जिसमे आईटीसी ताज भी शामिल है। इससे पहले जब अमेरिका के पूर्व राष्टपति बराक ओबामा जब भारत आए थे तो उन्हें खाने के साथ-साथ भारतीय क्रॉकरी इतनी पसंद आई थी कि वो उसे अपने साथ लेकर चले गए थे। बर्तनों में जयपुर, उदयपुर, बनारस से लेकर कर्नाटक को नक्काशी नजर आती है जिसे बनाने में कई दिन लगते हैं. इन बर्तनों की खासियत ये है कि ये पूरी तरह से 'मेक इन इंडिया' थीम के अंतर्गत आते हैं।



## राजधानी में झमाझम बारिश से सड़कों का नजारा




*भोपाल। प्रदेश सहित भोपाल में तीन दिन लगातार बारिश ने जहां किसानों को राहत दी है। वहीं होशंगाबाद रोड पर बारिश के कारण सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। जिसके चलते राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है।* **फोटो-भूपेन्द्र**

### नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सिटी प्लानर से पूछा-कार्यवाही क्यों नहीं की

# जिस मामले में एनजीटी ने फटकारा उसमें अब सरकार ने सिटी प्लानर को घेरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को एनजीटी ने कलियासोत व केरवा में अतिक्रमण से जुड़े जिस मामले में फटकार लगाई थी उसी मामले में अब सरकार ने सिटी प्लानर नीरज आनंद को घेरा है। नीरज आनंद को नगरीय विकास एवं आवास विभाग के नोटिस जारी कर दिया है। जिसमें पूछा है कि सुनवाई से जुड़ी सभी जानकारी जब आपके पास थी तो आपने संबंधित अधिकारियों को अवगत क्यों नहीं कराया। एनजीटी में ठीक से पक्ष रखने में चूक क्यों की। कारण बताओ नोटिस में और भी कई सवाल किए है। जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया है। यह भी चेतावनी दी है कि जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो दो वेतन वृद्धि रोक दी जाएगी।

असल में नगर निगम के सिटी प्लानर होने के नाते नीरज आनंद को प्रकरण की सुनवाई कब होना है इस बारे में पता था लेकिन उन्होंने प्रकरण में प्रभारी अधिकारी होने के बाद भी एनजीटी के समक्ष नगर निगम का पक्ष नहीं रखा। नोटिस में ये आरोप उन पर लगाए गए हैं।

### चेतावनी, जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो दो वेतन वृद्धि रुकेगी, कार्यवाही भी होगी



### जिन पर थी जिम्मेदारी, उन्हें के हाथों दिलवाया नोटिस

नीरज आनंद को वीएस चौधरी कोलसानी के हाथों नोटिस दिलवाया गया है। वह इस समय नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप सचिव है, जो कुछ दिन पहले तक नगर निगम के आयुक्त थे। इन्हीं के नीचे नीरज आनंद सेवाएं देते थे। नीरज आनंद को भेजे गए नोटिस में बताया है कि डॉ. सुभाष सी पांडे ने एनजीटी में कलियेसोत संरक्षण एवं कैचमेंट क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदन दिया था। एनजीटी ने आवेदन पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका निगम से जवाब मांगा था। इससे सिटी प्लान को प्रकरण में सभी दस्तावेजों के साथ अधिवक्ता सचिन वर्मा से बातचीत कर एनजीटी के समक्ष निगम का पक्ष रखना था। इसके बाद भी उन्होंने नगर पालिका निगम भोपाल और विभाग का पक्ष उचित रूप से नहीं रखा और न ही प्रकरण का प्रतिरक्षण करने के संबंध में विधि के अनुरूप कोई कार्रवाई की।

**एनजीटी ने तब यह कहा था**

*उक्त मामले में जब कार्यवाही नहीं हई तो एनजीटी ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को जमकर फटकार लगाई थी। पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। अब इस मामले में 20 सितंबर को एनजीटी में फिर से सुनवाई होगी। जिसमें मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, शहरी विकास ट्रिब्यूनल की सहायता से वर्चुअल मोड में मौजूद रहेंगे। इस सुनवाई में एनजीटी द्वारा मामलों में निर्णय लेने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।*

## जी-20 सम्मेलन का असर, दिल्ली की एक उड़ान 10 सितंबर को रहेगी निरस्त



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के कारण दिल्ली से देश के विभिन्न शहरों के लिए संचालित उड़ानों के शेड्यूल में परिवर्तन किया जा रहा है। देश भर में आठ से 11 सितंबर के बीच कुछ उड़ानें निरस्त भी की गई हैं। भोपाल से इंडिगो की एक उड़ान प्रभावित होगी। उड़ान संख्या 6-ई 6822 का 10 सितंबर को संचालन नहीं होगा। यह उड़ान दोपहर 3.45 बजे भोपाल पहुंचती है। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार फिलहाल एक ही उड़ान निरस्त होने की सूचना मिली है। इंडिगो ने यात्रियों को जी-20 सम्मेलन के कारण हवाई यातायात प्रभावित होने की पूर्व सूचना दे दी है। कंपनी ने प्रभावित उड़ानों में बिना कटौती के रिफंड देने एवं बिना किसी शुल्क के उड़ानों को पुनः निर्धारित करने एवं यात्रा की तिथि में बदलाव की पेशकश की है। यात्रियों को निरस्त उड़ानों एवं समय में परिवर्तन की पूर्व सूचना भी दे दी गई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत कल, छूट के साथ भर सकते हैं संपत्ति समेत बकाया कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को होगा। इसमें बकायादार छूट के साथ विभिन्न तरह के कर जमा कर सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये बकाया है, उन्हें अधिभार में शत प्रतिशत छूट दी जाएगी। जबकि 50 हजार से अधिक एवं एक लाख रुपये तक बकाया राशि पर अधिभार में 50 प्रतिशत एवं एक लाख रुपये से अधिक की राशि बकाया होने पर अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसी प्रकार जल उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक की राशि बकाया है, ऐसे प्रकरणों में




अधिभार में शत प्रतिशत छूट दी जाएगी। जबकि कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपये से अधिक 50 हजार रुपये तक की राशि पर अधिभार में 75 प्रतिशत तथा जलकर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक होने पर अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की बकाया राशियों पर ही छूट मिलेगी, वहीं बकायादार केवल एक बार ही इसका लाभ ले सकेंगे। छूट प्राप्त करने के बाद अधिकतम दो किस्तों में राशि जमा कराई जाएगी। जबकि लोक अदालत के दिन कम से कम 50 प्रतिशत राशि जमा कराया जाना अनिवार्य होगा।

### घर-घर जाकर दे रहे बिल

निगम के अधिकारी लोक अदालतों के माध्यम से बकाया कर जमा करने के लिए बकायादारों को प्रेरित कर रहे हैं। इसके लिए बैनर-होर्डिंग लगाए गए हैं। सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। सम्पत्तिकर, जल दर, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन, सीवेज, किराया ओर अन्य मदों में बकायादारों के घर जाकर बकाया भुगतान के बिल दिए जा रहे हैं। पुराने बकायादारों को नोटिस भी भेजे गए हैं। इधर रेडियों के माध्यम से भी लोक बदालत की जानकारी प्रसारित करने की योजना बना रहे हैं।

# राधा-कृष्ण बन स्कूल पहुंचे नन्हे-मुन्ने मटकी फोड़कर नाटक की प्रस्तुति दी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लाइन लाइन स्कूल में राधा-कृष्णा के स्वरुप में विद्यार्थी स्कूल आए। राधा-कृष्ण बनो, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। श्री कृष्णा को झूले में अवतरित हुए। लड्डु गोपाल की आरती उतारी गई, मक्खन-मिश्री का भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया। प्रतियोगिता में 57 विद्यार्थियों भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को उपहार दिए गए।

इस अवसर पर लघु नाटिका की प्रस्तुति भी की गई। बच्चों ने 'अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो सुदामा गरीब आ गया है। न तन पे पगड़ी है न तन पे है जामा बता दो कन्हैया को नाम है सुदामा।' नाटक में कृष्ण के रुप में महेश ओर सुदामा के रुप में कुलदीप बघेल ने प्रस्तुत दी। द्वारपाल गोविंद ओर भूपेन्द्र बने। प्राचार्य किरण वाधवानी ने बच्चों को श्रीकृष्ण लीलाओं को बताया।




**मेट्रो एंकर**

### दो चरणों में मना जन्मोत्सव, झांकी सजी

# वृन्दावन कृष्णमय हुआ संस्कार विद्यालय

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में योगेश्वर श्री कृष्ण के जन्मोत्सव दो चरणों में मनाया गया। पहले चरण में रंगोली, मेंहदी, कृष्ण जीवन दर्शन, गीता के श्लोक वाचन भजन प्रतियोगिता के साथ कृष्ण बाल स्वरूप प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज सेवी जगदीश खानचन्दानी, संस्था के सचिव बसंत चेलानी, लेखपरीक्षक पुरूषोत्तम टिलवानी, सदस्य नानक पारवानी, जसलोक विद्यालय के पूर्व प्राचार्य रघुनाथ खड़े, भोपाल गर्ल्स स्कूल की प्राचार्या जिया मंगलानी,कमल प्रेमचन्दानी ने श्री कृष्ण की पूजा अर्चना व आरती की।

इस अवसर पर चेलानी ने कहा कि आज आनन्द का विषय है सभी लोग नन्हे-मुन्हे कृष्ण स्वरूपों के बीच में आनन्द ले रहे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खानचन्दानी ने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर धर्मभक्ति, देशभक्ति और आनन्द भक्ति इन तीनों भक्ति करने का संकल्प लेना चाहिए। नानक पारवानी ने कहा कि जिसने सारे संसार को प्रेम से बांधा है वो कृष्ण, प्रेम आदान-प्रदान करने से ही संसार का संचालन होता है।



कमल प्रेमचन्दानी, पुरूषोत्तम टिलवानी व जिया मंगलानी ने भी अपने विचार रखे।

ब्रह्मकुमारी आश्रम की प्रीति बहन एवं सी.एम.एस स्कूल की सीमा ने कृष्ण स्वरूप में आए प्रतिभागियों का अवलोकन करते हुए तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया तथा उन्हें पुरस्कृत किया गया। दूसरे चरण में विद्यालय द्वारा एक झांकी प्रस्तुत की गई जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रद्धेय लाल साई, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, उपाध्यक्ष सुरेश राजपाल, सह-सचिव नरेश वासवानी, लेख परीक्षक पुरूषत्तोम टिलवानी, सदस्य नारायणदास लालवानी, नानक पारवानी, वार्ड 4 के पार्षद एवं एम.आई.सी. सदस्य राजेश हिगोरानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बसंल प्रकाश आसुदानी, रामचन्द्र सबनानी, पुरूषोत्तम टिलवानी, हैप्पी क्लब के सदस्य मनोज जनयानी, अमित बिनवानी, के साथ उपस्थित हैप्पी क्लब के अन्य सदस्यों ने किया। लाल साई कहा कि मैं आप सबका आभारी हूं आपने में आज श्री कृष्ण का साक्षात दर्शन करवाया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या मृदुला गौतम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# साबू रीझवानी राष्ट्रीय सिंधी सेमिनार में शिरकत करेंगे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

केन्द्रीय साहित्य अकादमी एवं सिंधी साहित्य अकादमी, गुजरात के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव में सेमिनार का आयोजन होगा, जिसमें संतनगर से पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष व मध्यप्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व निर्देशक साबू रीझवानी शिरक्त करेंगे। सेमिनार 9 से 10 सितंबर तक होटल सिल्वर क्लाउड सभागृह, अहमदाबाद में होगा।



सेमिनार में आजादी के बाद सिंधी शायरी, कथात्मक साहित्य, बाल साहित्य, नाटक, सिंधी पत्रकारिता, सिंधी उपन्यास सिंधी पत्रकारिता तथा सिंधी साहित्य में नारी चेतना पर भी कविता पाठ व कहानी पाठ पर आलेखों पर चर्चा की जाएगी।

सेमिनार में डॉ. रोशन गोलानी, डा. जेठो लालवानी, इंदराज बलवानी, आशा चांद, भगवान निर्दोष, जया जादवानी, विनोद आसूदानी, चारुमित्रा माखीजानी, कैलाश शादाब, डा. कमला गोकलानी, सुरेश बबलानी आदि सम्मिलित रहेंगे।

रीझवानी ने बताया कि सेमीनार का उदघाटन साहित्य अकादमी के सचिव पी. निवासराव, सिंधी भाषा परामर्श मण्डल साहित्य अकादमी के संयोजक मोहन हिमथानी, गुजरात सिंधी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष भाग्येश ज्हा के अतिरिक्त सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रेम प्रकाश नामदेव ताराचंदानी, ओम प्रकाश नागर करेंगे।

### अब तक 19 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंची यात्रा

# जनआर्शीवाद यात्रा ने हजार किलोमीटर का सफर किया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र के विधानसभा चुनाव को लेकर शुरू की गई भाजपा की जन आशीर्वाद यात्राएं पांच दिन में 19 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं के बीच पहुंच चुकी हैं। पांचों जन आशीर्वाद यात्राओं को मतदाताओं का अपार स्नेह और समर्थन मिलने का दावा किया जा रहा है। पांचों यात्राएं अब तक प्रदेश में एक हजार किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय कर चुकी है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री एवं जन आशीर्वाद यात्राओं के संयोजक भूपेंद्र सिंह ने यात्रा के संबंध में बताया कि पहली यात्रा का शुभारंभ भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट से किया था।इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा क्रमशः मंडला श्योपुर नीमच एवं खंडवा से यात्रा के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रथम पांच दिनों में जन आशीर्वाद यात्राओं के रथ प्रदेश के 11 जिलों में पहुंच चुके हैं। इस दौरान यात्रा मार्ग के 19 विधानसभा क्षेत्र में 20 बड़ी मंच सभाओं के जरिए पार्टी के वरिष्ठ नेता दो लाख 79 हजार 800 से ज्यादा मतदाताओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से अवगत कर चुके हैं। इसके अलावा 20 रथ सभाओं का भी आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया गया है।

गौरतलब है कि पांचों जन आशीर्वाद यात्राएं 10,400 किलोमीटर की दूरी तय कर भोपाल पहुंचेंगी। भोपाल में 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित कर जन आशीर्वाद यात्राओं का समापन करेंगे।

**भूमिपूजन हुआः** इधर, भाजपा के 25 सितंबर के जंबूरी मैदान में विशाल कार्यकर्ता महाकुंभ का के कार्यक्रम स्थल का केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा व प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी नेताओं के साथ भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कार्यकर्ता महाकुंभ ऐतिहासिक रूप से सफल होगा।



जंबूरी मैदान में प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश संगठन महामंत्री ने पार्टी नेताओं के साथ भूमिपूजन किया।

### प्रदेश के स्कूलों में बोर्ड की तर्ज पर होगी परीक्षा

# 12 सितंबर से नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं की त्रैमासिक परीक्षाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**प्रदेश के स्कूलों में कक्षा 9, 10, 11 एवं 12वीं की त्रैमासिक परीक्षाएं बोर्ड की तर्ज पर होगी। इन परीक्षाओं के लेकर लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) द्वारा पेपर तैयार कराए जाएंगें और प्राचार्यों को भेजे जाएंगे। डीपीआई ने परीक्षाओं की तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। यह परीक्षाएं 12 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का समय सुबह 9 से 12 होगा। हालांकि कुछ कक्षाओं के पेपर दोपहर 2 से 5 बजे के बीच होंगे। 9वीं एवं 10वीं का पहला पेपर अंग्रेजी का होगा। वहीं 11वीं व 12वीं के विद्यार्थी पहला पेपर मनोविज्ञान का देंगे।**

**30 मिनट पहले पहुंचना होगाः** परीक्षा के लिए विद्यार्थी को 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। परीक्षा शुरू होने के 10 मिनट पहले उत्तरपुस्तिका और 5 मिनट पहले पेपर दिया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षाएं 12 से 21 सितंबर के बीच प्राचार्य अपनी सुविधानुसार करा सकेंगे।



### 29 और 30 नवंबर 2023 को ऑनलाइन आयोजित होगी परीक्षा

## सांइस टैलेंट सर्च प्रतिभा परीक्षा के लिए 15 तक आवेदन, 6 से 11वीं तक के विद्यार्थी ले सकेंगे भाग

विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था, एनसीआरटी, एनसीएसएम, मेपकास्ट और विज्ञान भारती संयुक्त रूप से सांइस टैलेंट सर्च प्रतिभा परीक्षा आयोजित करेगी। परीक्षा के लिए पंजीयन की 15 सितम्बर 2023 तक होंगे। इस परीक्षा में कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। परीक्षा 29 और 30 नवंबर 2023 को ऑनलाइन आयोजित होगी। परीक्षा का प्रथम चरण विद्यालय स्तर पर, द्वितीय चरण राज्य स्तर और तृतीय चरण में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा होगी। राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को भास्कर एवॉर्ड और दो हजार रुपये प्रति माह एक वर्ष तक छात्रवृति मिलेगी। साथ ही 90 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित प्रयोगशाला में इन्टर्नशिप का अवसर मिलेगा।

**एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से 50 प्रतिशत प्रश्नः** परीक्षा में कुल 100 प्रश्न गौरवशाली भारतीय वैज्ञानिकों का विज्ञान के प्रति योगदान, बीरबल साहनी का जीवन परिचय ,भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और विज्ञान से 40 प्रतिशत, एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से 50 प्रतिशत एवं तार्किक शक्ति से 10 प्रतिशत प्रश्न पूछे जायेंगे।

### बीएसी व सीएसी की प्रतिनियुक्ति मामला

## आज आपत्ति लगाने का आखिरी दिन

राज्य शिक्षा केंद्र ने बीएसी और सीएसी की प्रतिनियुक्ति के लिए आपत्ति लगाने के लिए अब 9 सितंबर तक का समय दिया गया है। इससे पहले एक पत्र जारी करके आपत्ति की अंतिम तारीख पांच सितंबर रखी गई थी, जबकि इस दिन शिक्षक दिवस था और शिक्षक विभिन्न समारोह में व्यस्त थे। ऐसे में वे वरिष्ठ शिक्षक, जिन्हें वरिष्ठता सूची में शामिल न करते हुए कनिष्ठ शिक्षकों की सूची में शामिल कर दिया गया, वे आपत्ति लगाने से वंचित रह सकते थे। ऐसे में आपत्ति की तारीख बढ़ाते हुए 9 सितंबर तय कर दी है। वरिष्ठ शिक्षकों का कहना है कि प्रतिनियुक्ति की जाती है तो उसमें आपत्ति के लिए कम से कम तीन दिन का समय देना चाहिए। लिहाजा जिला शिक्षा केंद्र ने समय बढ़ा दिया है। आपत्तियों के बाद 11 सितंबर तक काउंसलिंग की जाएगी।

### दिल्ली से अन्य राज्यों को जाने वाले विमान को रोका

# भोपाल पर भी जी-20 का असर, दिल्ली की एक उड़ान रहेगी निरस्त



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी भोपाल में भी जी-20 शिखर सम्मेलन का असर देखने को मिल रहा है। वहां से लौटकर आने वाले लोगों का कहना है कि दिल्ली के कई क्षेत्रों में आने-जाने पर पाबंदी है। मार्ग बदल दिए गए हैं। कुछ कार्यालयों में कामों को भी शिथिल किया गया है। जिसके कारण संबंधित क्षेत्रों से जुड़े काम नहीं हो पा रहे हैं।

यही नहीं, शुक्रवार से 11 सितंबर तक दिल्ली से अलग-अलग राज्यों व उनकी राजधानियों को जाने वाली विमान यात्रा को आशिंक रूप से रोका गया है। इसमें भोपाल से दिल्ली के बीच एक उड़ान भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक भोपाल से इंडिगो की एक उड़ान प्रभावित होगी। अधिकारियों ने बताया कि यह 6-ई 6822 उड़ान संख्या है जिसका 10 सितंबर को संचालन नहीं होगा। बताते हैं कि यह उड़ान दोपहर 3.45 बजे भोपाल पहुंचती है। इधर इंडिगो ने यात्रियों को जी-20 सम्मेलन के कारण हवाई यातायात प्रभावित होने की पूर्व सूचना दे दी थी। कंपनी ने प्रभावित उड़ानों में बिना कटौती के रिफंड देने एवं बिना किसी शुल्क के उड़ानों को पुर्न निर्धारित करने एवं यात्रा की तिथि में बदलाव की पेशकश की है।

### बबेले शिखर सम्मान से सम्मानित



**राजस्थान** की जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी और कला केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल के लेखक पीयूष बबेले को राष्ट्रीय पुरस्कार पं. नेहरू शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।

### एनएसयूआई ने लिखा था उपराष्ट्रपति को पत्र

## विरोध के बाद एमसीयू ने बदला फैसला, दीक्षांत समारोह से भोजन कार्यक्रम हटाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

माखनलाल राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय (एमसीयू) के विशनखेड़ी परिसर में 15 सितंबर को आयोजित होने वाला दीक्षांत समारोह के लिए पूर्व स्टूडेंट्स से 600 रुपए की राशि मांगे का विरोध होने के बाद प्रबंधन ने कार्यक्रम में बदलाव किया है। अब दीक्षांत समारोह से भोजन कार्यक्रम को ही हटा दिया है। विश्वविद्यालय ने आदेश जारी किया है कि, भोजन व्यवस्था को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। छात्रों से लिया गया शुल्क उन्हें दीक्षांत समारोह के दिन लौटा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एनएसयूआई ने उपराष्ट्रपति को पत्र लिखा था। एनएसयूआई ने दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले भोजन को लेकर स्टूडेंट्स ने भोजन का पैसा वसूलने पर आपत्ति जताई थी। इसमें छात्र संगठन एनएसयूआई भी कूद गया था।

### भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा

## प्रदेशभर में निकली यात्राएं, डेढ़ साल के कार्यकाल में हुए बेहतर काम को गिनाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा हो गया। कमलनाथ सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में हुए बेहतर काम गिनाए। इस मौके पर प्रदेशभर में कांग्रेस ने यात्रा निकाली। जिला और शहर स्तर पर निकली यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसी, आमजन शामिल हुए। यात्रा के दौरान भाजपा शासनकाल के भ्रष्टाचार, महंगाई व अन्य घोटालों के बारे में जनता को बताया गया। भोपाल में यात्रा में राज्यसभा सदस्य दिग्विजिय सिंह, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल मौजूद थे। दिग्विजय ने कहा, हम पहले हिन्दुस्तानी हैं। फिर हिन्दू-मुस्लिम, सिख हैं। भारत जोड़ों का नारा लगाते हुए उन्होंने कहा, हम सब मिलकर राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे का संदेश घर-घर पहुंचाएं।

**मुख्यमंत्री ने किया पौधरोपणः**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, गुलमोहर और गूलर के पौधे लगाए। इस दौरान उनके साथ प्रदेशभर के जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### मेट्रो एंकर | राजस्व विभाग के कामों पर असर, कई प्रकरण लंबित

# हड़ताल का असरः पटवारियों की मांगें मानी न उनसे काम ले पा रही सरकार!


**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पटवारी नाराज है और 13 दिन से काम नहीं कर रहे हैं। सरकार ने अब तक इनकी मांगें मानी है और न ही इनसे काम ले पा रही है। इसका असर राजस्व विभाग के कामों पर पड़ा है। बुरी तरह से राजस्व प्रकरण लंबित है। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोक सेवा केंद्रों में किए जाने वाले आवेदनों के आधार पर जो सेवाएं दी जानी होती है वह आम नागरिकों को समय पर नहीं मिल पा रही है।




ये पटवारी वेतन में बढ़ोतरी करने समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर है। ये काम भी प्रभावित प्रदेश की तहसीलों में नामांतरण, सीमांकन, बंटान, बंटवारा, खसरा, खसौनी, नक्शा, आय, जाति, मूल निवासी प्रमाण सहित पांच हजार आवेदन लंबित हो गए हैं।वहीं तहसीलों में आने वाले किसानों सहित अन्य लोगों की पेशियां भी अटकी हुई हैं।ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को तहसील संबंधी अपने कामों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि हुजूर, गोविंदपुरा,शहर, टीटीनगर, एमपीनगर, बैरसिया, कोलार और बैरागढ़ सहित आठ तहसील हैं। इसके कारण हड़ताल का असर यहां भी है। यहां के पटवारी लगातार विरोध दर्ज करा रहे हैं। शासन-प्रशासन से मिलने का प्रयास कर चुके हैं लेकिन अब तक मुलाकात नहीं हुई है। सरकार के प्रतिनिधियों का कहना है कि पटवारी पहले हड़ताल खत्म कर तब चर्चा होगी और पटवारी मांगों को पूरा करने के लिए लिखित आश्वासन पर अड़े हुए हैं।

## सुविचार

''भगवान आपको आशीर्वाद देने के साथ साथ चुनौतियां देकर परखता भी है।''

– अज्ञात

l ikndh;

# सियासी दलों की संपत्ति

भारत में राजनीतिक दलों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में अभी लंबा सफर तय करने की जरूरत है तथा इसके लिये काफी मशक्कत भी करना होगी। दरअसल आठ राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की संपत्ति में पिछले एक साल के दौरान हुई बढ़ोतरी और कमी का जो ब्योरा हाल में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने पेश किया है, उससे कई अहम ट्रेंड्स पता चले हैं।यह ट्रेंडस न सिर्फ राजनीतिक दलों की साख और सत्ता के दायरे से जुड़े हैं बल्कि यह भी बता रहे हैं कि जो पार्टी सियासी तौर पर ताकतवर नहीं रही है,उसके प्रति उसके मददगारों का रुख भी बदल जाता है। वर्ष 2021-22 में राजनीतिक दलों की संपत्ति के ग्राफ पर नजर डालें तो साल 2014 से ही केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा की संपत्ति सबसे ज्यादा बढ़ी है, हालांकि विपक्ष में होने के बावजूद कांग्रेस भी प्रतिशत में बढ़ोतरी के हिसाब से ज्यादा पीछे नहीं है। भाजपा की संपत्ति अगर 2020-21 के 4,990 करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 6,046 करोड़ रुपये हुई और इस तरह 21.17 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई तो कांग्रेस भी 16 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए 691 करोड़ रुपये से 805.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। हालांकि सत्तारूढ़ दल और मुख्य विपक्षी दल की संपत्ति में पांच हजार करोड़ रुपये से ऊपर का यह अंतर मौजूदा दौर में देश की राजनीति में उपलब्ध लेवल प्लेइंग फील्ड के बारे में बहुत कुछ कहता है। सच है कि चुनाव सिर्फ पैसे और सत्ता की ताकत से नहीं जीते जाते, मगर चुनावों में पैसा और उससे हासिल संसाधनों की अहम भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। इन दलों की संपत्ति के इस ब्योरे में दो और तथ्य महत्वपूर्ण हैं। एक तो यह कि संपत्ति बढ़ाने के मामले में तृणमूल कांग्रेस इतनी आगे है कि उसकी किसी और दल से तुलना नहीं हो सकती। एक साल में उसकी संपत्ति करीब 182 करोड़ रुपये से बढ़कर 458.10 करोड़ रुपये हो गई, जो 151.70 फीसदी की आश्चर्यजनक वृद्धि है। दूसरा तथ्य यह कि बहुजन समाज पार्टी इकलौती ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसकी संपत्ति इस एक साल में बढ़ने के बजाय घटी है। यह 732.79 करोड़ से घटकर 690.71 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। शायद पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी के अत्यधिक कमजोर प्रदर्शन से भी इसका कोई संबंध हो सकता है। मगर विभिन्न दलों की संपत्ति के इस ब्योरे को लेकर सबसे बड़ी बात यह है कि तमाम पार्टियों ने अपनी कमाई के बारे में खुद से जो तथ्य बताए हैं, वही सामने आया है। और सच यही है कि इन दलों ने पूरी कमाई तो नहीं बताई होगी। अगर इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के दिशानिर्देशों की बात करें जिन पर चुनाव आयोग अपनी मुहर लगा चुका है तो उनके मुताबिक भी इन दलों को लिए गए लोन के स्रोत के साथ-साथ उन्हें चुकाने के लिए तय अवधि और इस दौरान दिए जाने वाले लोन के भी डीटेल्स देने चाहिए थे, जो किसी भी पार्टी ने नहीं दिए। इसीलिये कहा जा सकता है कि देश में चुनाव सुधार के लिये हो रहे तमाम कामकाज या प्रयोगों के साथ ही राजनीतिक दलों के बहीखातों या संपत्तियों के बारे में भी ऐसा कोई संस्थागत निगरानी ढांचा खड़ा होना चाहिये,जो दलों के वित्तीय हिसाब पर नजर रखे और देशवासियों को इत्मीनान रहे कि राजनीतिक दल भी उन्हीं की तरह जवाबदेह हैं।

## आज का इतिहास

- 1320- 8 सितंबर 1320 में गाजी मलिक दिल्ली का सुल्तान बना।
- 1910- हिन्दी के यशस्वी कहानीकार राधाकृष्ण का जन्म 8 सितंबर 1910 को हुआ।
- 1926- भारतीय गीतकार, संगीतकार और गायक भूपेन हज़ारिका का जन्म 8 सितंबर 1926 को हुआ था।
- 1933- 20 भाषाओं में 12 हजार से ज्यादा गाने गा चुकी आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को हुआ।
- 1942- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 8 सितंबर 1942 को बम्बई (अब मुंबई) सत्र में भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया।
- 1960- प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रभावशाली सदस्य रहे फ़ीरोज़ गांधी का निधन 8 सितंबर 1960 को हुआ।
- 1967- आजादी के बाद पहली बार केंद्र में सरकार चला रही पार्टी को 8 सितंबर 1967 में लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।
- 1982- जम्मू और कश्मीर के क्रांतिकारी नेता शेख़ मोहम्मद अब्दुल्ला का निधन 8 सितंबर 1982 में हुआ जो बाद में इस राज्य के प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री बने।
- 1988- जाने माने व्यवसायी विजयपत सिंघानिया 8 सितंबर 1988 में अपने माइक्रो लाइट सिंगल इंजन एयरक्राफ्ट से लंदन से अहमदाबाद पहुंचे।
- 2000- भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 8 सितंबर 2000 में संयुक्त राष्ट्र शांति शिखर सम्मेलन के दौरान हिन्दी में भाषण देते हुए पाकिस्तान को लताड़ा।
- 2003- इस्रायल के प्रधानमंत्री एरियल शैरोन 8 सितंबर 2003 में भारत की चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे।

# मेरी माटी - मेरा देश

**शिवप्रकाश**

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारत सरकार द्वारा देश के शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति को अमर बनाने एवं देश के सामान्य नागरिकों में बलिदानी वीर-वीरांगनाओं के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता का भाव जागृत करने के लिए अभिनव अभियान मेरी माटी मेरा देश लिया है, इसके लिए भारत सरकार का धन्यवाद। मिट्टी को नमन वीरों का वंदन उद्घोष के साथ यह अभियान समाज में देशभक्ति का भाव एवं दुनिया में भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प जागृत करेगा।

देश अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष का पर्व मना चुका है। देश 25 वर्ष के पश्चात् अपनी आजादी के 100 वर्ष पूर्ण करेगा। यह 25 वर्ष की कालवधि अमृत काल के रूप में संबोधित की जा रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के सम्मुख अमृतकाल की पूर्णता तक महत्वा कांक्षी लक्ष्य विकसित भारत का रखा है। आर्थिक दृष्टि से हम दुनिया में सशक्त हों, भारत सुरक्षित हो, इसलिए हमारा सैन्य सामर्थ्य दुनिया के अग्रणी देशों के समान हो, आपसी मतभेद भुलाकर समाज में परस्पर सद्भाव एवं भाईचारा विकसित हो, महिलाओं का सम्मान गरीब, पिछड़े जनजाति, अनुसूचित जाति, शहरी, ग्रामीण सभी देश के उत्थान में समान रूप से सक्रिय हो, देश अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व करें, ऐसा भारत का निर्माण करना प्रत्येक भारतवासी का संकल्प बने। सम्पूर्ण देश इस संकल्प के साथ खड़ा हो, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पंचप्रण की शपथ लेने का आह्वान किया है।

मेरी माटी मेरा देश अभियान चरणबद्ध संपन्न होगा। प्रत्येक घर के आंगन से मिट्टी का संकलन कर प्रत्येक गांव का एक कलश पूर्ण होगा। जिन घरों में मिट्टी की उपलब्धता नहीं है वे परिवार रोली-अक्षत् के माध्यम से अपनी श्रद्धा प्रकट कर सकेंगे। गांव में एकत्रित होकर सामूहिक कार्यक्रम, विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानियों का फलक लगाना, पंच प्रण की शपथ एवं 75 वृक्षों का रोपण कर अमृत वाटिका तैयार करना है। गाँव से सभी कलश विकास खंड पर आएंगे। विकासखंड के उपरांत प्रदेशों की राजधानी तदोपरांत 29-30 अक्टूबर को दिल्ली में सामूहिक कार्यक्रम एवं अमृत वाटिका का निर्माण होकर कार्यक्रम की पूर्णता होगी। युवा, खेल, संस्कृति, शिक्षा एवं पर्यावरण मंत्रालय मिलकर कार्यक्रम को संपन्न करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ता, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगतप्रकाश नड्डा जी के नेतृत्व में कार्यक्रम की सफलता के लिए सहभागी होंगे। प्रधानमंत्री जी के निर्देशन में अनेकों सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं अपनी सहभागिता के माध्यम से देश भर में देशभक्ति का वातावरण निर्माण करने में सहायक होंगी।






देश की आजादी के आंदोलन के साथ जनसामान्य को जोड़ने के लिए हमारे महापुरषों के नेतृत्व में अनेकों आंदोलन हुए। 1905 में बंग-भंग को समाप्त करने के लिए रक्षाबंधन को सामूहिक मनाना इसी प्रकार का आन्दोलन था। महात्मा गाँधी जी के द्वारा आयोजित जंगल सत्याग्रह, भारत छोड़ो, चरखा एवं स्वदेशी जैसे आन्दोलनों ने समाज को आजादी के के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जिनके कारण भारत का बच्चा-बच्चा देश की आजादी प्राप्त करने के लिए प्राण-प्रण से तैयार हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति देश के नागरिकों का लक्ष्य बन गया। दुर्भाग्यवश स्वतंत्रता के बाद हमारे देश के नेतृत्व ने भावी पीढ़ी के सम्मुख भविष्य के लिए कोई लक्ष्य नहीं रखा इस कारण हम दिशाहीन हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का वैशिष्ट्य है कि उन्होंने देश को एक विकसित भारत का लक्ष्य दिया। लक्ष्य पूर्ति के साधन के लिए तिरंगा यात्रा एवं मेरी माटी- मेरा देश जैसे कार्यक्रम दिए, जिसके कारण संपूर्ण देश लक्ष्य प्राप्ति के लिए सक्रिय हो गया। जिसका परिणाम आर्थिक, शैक्षिक, विज्ञान एवं खेल सहित सभी क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री का स्वछता अभियान सिंगापुर के 1968 के "Keep Singapore Clean" अभियान का स्मरण कराता है।

कोई भी देश अपनी संस्कृति अपने महापुरुषों, अपने देश के बलिदानी अमर सेनानियों से प्रेरणा लेकर ही आगे बढ़ता है। हमारे देश की इस पवित्र मिट्टी में उन बलिदानियों के बलिदानी जीवन की सुगंध आती है। इसका कण - कण पवित्र है। इस देश को वैभव प्रदान करने वाले महापुरुष इसी में खेल कर बड़े हुए हैं। हमारे शरीर के अन्दर का रक्त एवं मांस- मांसपेशियां इसी के पवित्र अन्न से बनी है। हम को प्राण वायु इसी से प्राप्त होती है। यही हमारा पालन-पोषण करती है। इसलिए तो कवि ने सुजलां सुफलां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी कह कर इसकी वंदना की है। अखाड़े का पहलवान इसकी मिट्टी से अपने को पवित्र करता है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इसका कंकण-कंकण शंकर बताया है। 140 करोड़ भारतवासियों को जोड़ने वाली यही हमारी भारत माँ है, जियेंगे इसी के लिए एवं मरेंगे भी इसी के लिए। यही भाव देश के नागरिको में यह अभियान जगायेगा। आओ हम सभी इस अभियान में सहभागी होकर भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लें।

– **लेखक** – राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री भाजपा हैं।

# अब सूर्य पर भारत फतह से दुनिया चमत्कृत

**ललित गर्ग**

चंद्र अभियान की ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक नया इतिहास गढ़ने एवं एक और मैदान फतेह करने को तत्पर है और सूरज का अध्ययन करने के लिए संभवतः दो सितंबर, 2023 'आदित्य-एल 1' यानी सूर्य मिशन के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। 'आदित्य-एल 1' अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा के यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है, इस मिशन की मदद से स्पेस में मौसम की मोबिलिटी, सूरज के तापमान, सोलर स्टॉर्म, एमिशन और अल्ट्रावॉयलेट रेज के धरती और ओजोन लेयर पर पड़ने वाले प्रभावों की स्टडी की जा सकेगी, जिससे मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को सकारात्मक मोड़ देने में सुविधा रहेगी। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक और मील का पत्थर होगा। इस प्रक्षेपण के बाद अमरीका, जर्मनी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद भारत सूर्य के पास उपग्रह भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा। आदित्य एल-1 को पृथ्वी-सूर्य प्रणाली की ऑर्बिट के पांच बिंदुओं में से एक लैग्रेंज-1 में स्थापित किया जाएगा। यहां सूर्य पर ग्रहण के दौरान भी नजर रखी जा सकती है। यह पॉइंट पृथ्वी से 15 लाख किमी. दूर है। निश्चित ही चंद्रयान-3 के 3.84 लाख किमी. के सफर के मुकाबले आदित्य एल-1 का सफर कहीं ज्यादा चुनौती एवं संघर्षपूर्ण होगा।

दुनियाभर के वैज्ञानिक ब्रह्माण्ड के रहस्यों को जानने में जुटे हैं। जिस सौरमंडल में हम रहते हैं, उसे समझने के लिए सूर्य को जानना जरूरी है। सूर्य की ऊर्जा का अध्ययन धरती पर नहीं किया जा सकता। इसलिए दुनिया की दूसरी अंतरिक्ष एजेंसियों की तरह इसरो भी सूर्य के पास जाकर अध्ययन करना चाहता है। उसका पहला सूर्य अभियान सूर्य के कोरोना, प्रकाश मंडल, क्रोमोस्फीयर, सौर उत्सर्जन, सौर तूफानों और कोरोनल मास इजेक्शन के अध्ययन के साथ-साथ सूर्य की संपूर्ण इमेजिंग के नए द्वार खोल सकता है। लगातार चमकने वाला सूर्य, जहां ऊर्जा के लिए निरंतर विस्फोट होते रहते हैं, हमेशा से रहस्य का विषय रहा है। लेकिन ये विस्फोट कब होंगे और इसके



प्रभाव क्या होंगे, इसकी सटीक जानकारी धरतीवासियों को नहीं है। ऐसे में इस टेलीस्कोप का एक उद्देश्य इनकी स्टडी करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मिशन के तहत अलग-अलग तरह के डाटा को जुटाकर ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकेगी जिससे धरती को होने वाले नुकसान के बारे में पहले से अलर्ट किया जा सकेगा। इस अभियान की कामयाबी इसरो के लिए अंतरिक्ष में एक और अहम छलांग होगी। इससे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी, जो कि फिलहाल सिर्फ दो फीसदी है। इसमें वृद्धि के लिए इसरो को उसकी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप सरकार से हरसंभव मदद मिलनी चाहिए।

नया भारत एवं सशक्त भारत निर्मित करने की अनेक बहुद्देश्यीय एवं बहुआयामी योजनाएं आजादी के अमृतकाल में आकार लेने के लिये उजावली हैं, उन्हीं योजनाओं में अंतरिक्ष के अनुसंधान एवं अध्ययन से जुड़ी योजनाओं में से 'आदित्य-एल 1' एक बड़ी परियोजना है, जो सूर्य की गतिशीलता और उसके पास के मौसम की समझ में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। सूर्य का नाम आदित्य भी है, अतः इस नाम का अभियान या यान सबके आकर्षण का केंद्र बने, तो कोई आश्चर्य नहीं। यह अभियान दुनिया में एक भारतीय शब्द का प्रचार और भारत के अंतरिक्ष अभियान के स्वदेशी होने का अहसास करायेगा। योजना के अनुसार, यह यान कुल 125 दिन में सूर्य के पास की कक्षा में पहुंच जाएगा। सूर्य के एकदम निकट जाने के बारे में तो कोई सोच नहीं सकता, पर सूर्य के पास एक सुरक्षित कक्षा है जहां पहुंचकर कोई यान परिक्रमा करते हुए सूर्य को देख-परख सकता है। यह आदित्य अंतरिक्ष यान सात उन्नत उपयोगी उपकरणों से सुसज्जित है, जो सूर्य की विभिन्न परतों, प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर से लेकर सबसे बाहरी परत, कोरोना तक की जांच करने के लिए तैयार किए गए हैं। इरादा यह है कि सूर्य के पास घटित होने वाली तमाम गतिविधियों का डाटा एकत्र किया जाए, ताकि सूर्य की कुल क्रिया-प्रतिक्रिया को समझा जा सके। हम तेज सूर्य से आंख नहीं मिला पाते हैं, पर भारत का आदित्य यान सूर्य से सीधे आंख मिलाने में सक्षम होगा, इसमें लगे चार उपकरण तो केवल सूर्य को देखने का काम करेंगे, मतलब इस अभियान का मूल लक्ष्य सूर्य को करीब से देखना है।

भारत पूरातन काल से ज्ञान-विज्ञान का असीम भंडार रहा है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने आचार-विचार, आत्म-विकास एवं गहन खोजों से चिकित्सा, दर्शन, अर्थ और सौरमंडल तक की ऐसी जानकारी प्रदान की है, जिसके बारे में विश्व को बहुत बाद में पता चला। स्वामी विवेकानन्द ने कहा भी है कि आधुनिक विज्ञान के सूत्र पुरातन काल में वेदों में लिखित सूत्र ही है। किसी भी आपदा या घटना का पूर्वानुमान भारत में इसी सौरमंडल की जानकारी के आधार पर ही संभव हुआ है। सूर्य में भारत की दिलचस्पी एवं श्रद्धाभाव को स्वाभाविक ही समझा जा सकता है। भारत एक ऐसा देश है जहां सूर्य को देवता मानकर पूजने वाले, पर्व-उपवास करने वाले लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। भारत में हर सुबह सूर्य नमस्कार और सूर्य को जल अर्पण दिनचर्या में शामिल है। भारतीय पौराणिक कथाओं में सूर्य एक चरित्र या किरदार के रूप में पुरजोर उपस्थित है। इसलिये कोई आश्चर्य नहीं, भारतीय ज्यादा श्रद्धाभाव से सूर्य का अध्ययन करते हुए विश्व मानवता को उपकृत सकेंगे। क्योंकि अब भारत पुरातन ज्ञान से अत्याधुनिक विज्ञान की स्वर्णिम यात्रा पर बढ़ रहा है।

निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच एवं प्रोत्साहन से देश की वैज्ञानिक सोच एवं उपक्रमों को नया आधार मिल रहा है। वह भी अद्भुत दृश्य था, प्रधानमंत्री जब ब्रिक्स समिट एवं अन्य देशों की यात्रा से सीधे इसरो मुख्यालय पहुंचे और विज्ञानियों और इंजीनियरों से खास तौर पर मुलाकात की और उनके योगदान को सराहा। इसे प्रधानमंत्री ने यह कहकर अच्छे से रेखांकित किया कि जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते हुए देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है और ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं जीवन में चिरंजीव चेतना बन जाती हैं। मोदी ने कहा भी है कि आज हर कोई यह कह रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। भारत ही वह देश है जिसके पास युवा शक्ति का भरपूर भंडार है, मजबूत इरादे है एवं स्वतंत्र पहचान है। पहले सोच थी की भारत बदलेगा ही नहीं लेकिन अब सोच है कि हमारा यह देश खुद भी बदल रहा है एवं पूरी दुनिया को बदलने की सामर्थ्य रखता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना हमारे विश्वास को मजबूत करता है कि भारत से जो प्रकाशपुंज उठा है, उसमें विश्व को ज्योति नजर आ रही है। आज हमारे पास लोकतंत्र, जनसंख्या और विविधता है और यह त्रिवेणी भारत के हर सपने को साकार करने का सामर्थ्य रखती है। भारत का सबसे बड़ा सामर्थ्य बना है मोदी सरकार के प्रति जन-जन का और विश्व का भारत के प्रति विश्वास। यह बेवजह नहीं है। जरूरत है भारत के विभिन्न राजनीतिक दल भी इसके महत्व को स्वीकारें।

करोड़ों भारतीयों की प्रार्थना और इसरो के विज्ञानियों की मेधा एवं उनके अथक प्रयासों से जिस तरह चंद्रयान-3 अंततः चांद पर पहुंच ही गया, उसी तरह 'आदित्य-एल 1' भी सूर्य पर फतेह करके दुनिया को आश्चर्य में डालेंगा एवं चमत्कृत करेंगा। इस महत्वाकांक्षी अभियान से एक बार फिर भारत के लोगों का सीना गर्व से चौड़ा होगा और पूरे देश में एक सुखद अनुभूति एवं ऊर्जा की लहर दौड़ेगी। इस महा सूर्य-अभियान के सफल होने से भारतवासियों के अंदर एक अनूठा आत्मविश्वास जागेगा, हौंसला बुलन्द होगा कि हम किसी भी जटिल से जटिल कार्य को पूर्ण कर सकेंगे और विश्वगुरु होने की पात्रता प्राप्त करेंगे।

# पर्यटन स्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल निर्माण करें

## 'मुझे मेरे संकल्प याद है' के तहत सुरक्षित पर्यटन के लिए विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिले में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा संचालित महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अंतर्गत, जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में एवं इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा पचमढ़ी पर्यटन स्थल पर रक्षाबंधन संकल्प सुरक्षित पर्यटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं, दुकानदारों द्वारा शपथ दिलाई गई। पर्यटन क्षेत्र पचमढ़ी में आने वाले खासकर महिला पर्यटको अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। उसके लिए सभी के द्वारा संकल्प दिलाया गया। साथ ही सभी पर्यटन स्थल वासियों से आग्रह किया गया कि पर्यटन स्थल पर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित माहौल का निर्माण करें। जिससे पर्यटन बढ़ेगा तो महिलाओं और बच्चियों को रोजगार भी मिलेगा, जिससे महिलाएं भी अपने परिवार का आर्थिक सहयोग कर सकेंगी.

देश-विदेश से आने वाला पर्यटक पचमढ़ी पर्यटन स्थल की अच्छी छवि लेकर के यहां से जाए और अपने परिवार और रिश्तेदारों को यहां आने के प्रेरित करें। इस कार्यक्रम के तहत पचमढ़ी के पर्यटन सखियों के द्वारा पर्यटक जिप्सी ड्राइवर एवं गाइड के हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षित पर्यटन का संकल्प दिलाया गया। इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के पचमढ़ी संकुल प्रमुख अर्चना दास ने बताया 30 अगस्त से 7 सितंबर 2023 तक पूरा प्रदेश में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के द्वारा यह अभियान पर्यटन स्थल पर चलाया गया हैद्य महिला पर्यटक एवं पर्यटन विषय वस्तु पर लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता, पर्यटन सखी फिल्म निर्माण प्रतियोगिता, पर्यटन सखी रेडियो धारावाहिक, रक्षा सूत्र बंधन आयोजन, पर्यटक रक्षा संकल्प व कजरिया/भुजरिया उत्सव व सावन के झूले जैसी गतिविधियां की गई है द्य पर्यटकों में सुरक्षा संकल्प सुरक्षित पर्यटन अभियान की गतिविधि के तहत रेडियो धारावाहिक पर्यटन सखी का प्रसारण किया गया। 30 अगस्त से 7 सितंबर तक प्रतिदिन प्रात 10.05 बजे एवं शाम 6.30 बजे आकाशवाणी से इसका प्रसारण किया गया। वहीं लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के लिए लघु फिल्म निर्माण को प्रोत्साहन दिया गया। इस कार्यक्रम में इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के पचमढ़ी संकुल प्रमुख अर्चना दास, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के संतोष ठाकुर एवं पचमढ़ी से कहकसा मंतशा तारा अंजू आदि शामिल हुए।

## न्यूज गैलरी

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकला चल समारोह



**नर्मदापुरम**. श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर ग्वाल समाज द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव चल समारोह का आयोजन किया. ग्वाल टोली काली मंदिर से प्रारंभ होकर ग्वालटोली के विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए चल समारोह काली मंदिर पहुंचा। नागरिकों ने श्री कृष्ण भगवान की झांकियां का स्वागत किया। चल समारोह में युवाओं ने अखाड़े का प्रदर्शन कर हैरत अंगेज कर्तव्य दिखाएं. चल समारोह में नर्मदापुरम के पूर्व विधायक पंडित गिरजा शंकर शर्मा कांग्रेस नेता चंद्रगोपाल मलैया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अखलेश खंडेलवाल, यादव समाज के मुखिया रामभरोस म्हाते, पार्षद नरेंद्र पटेल, मोहन यादव, मुन्ना यादव, गुड्डू यादव, दुर्गा यादव, गोवर्धन यादव, कपिल यादव, दोलत यादव सहित अनेक लोगशामिल रहे।

### तवा नगर पंचायत ने किया गुरुजनों का सम्मान



**नर्मदापुरम**. तवानगर में शिक्षक दिवस पर सरपंच शिवनारायण धुर्वे ने शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह पंचायत भवन मे किया. सरपंच शिव नारायण धुर्वे शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य एस के श्रीवास्तव आदेश माडल स्कुल प्रचार्य श्रीमती स्नेह लता ठाकुर माध्यमिक कन्या शाला प्रधान पाठिका पार्वती सोनी माध्यमिक बालक शाला के प्रधान पाठक महेश तिवारी सहित सेवा निवृत शिक्षक आर एस मालवीय प्रेम मिश्रा विनोद केवट सुरेश देशमुख ने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं शिक्षक को तिलक लगा कर श्रीफल पेन रुमाल फूल माल से सम्मान किया. विशेष रुप से नगर के समाजसेवी बसारत खान का सम्मान खेल जगत एवं कर्मचारी संगठन के अलावा विभिन्न क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिये सम्मान किया गया. उल्लेखनीय है कि श्री खान मध्यप्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स के पांचवीं बार निर्वाविरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए.

### भाजपा ने मनाई कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती



**इटारसी।** भाजपा पुरानी इटारसी मंडल द्वारा विधायक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती समारोह गुरुवार को मनाया। सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और संगठन गढ़ने के लिए उन्होंने किस तरह समर्पित भाव से कार्य किया यह बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, भाजपा जिला मंत्री उमेश पटेल कार्यक्रम के आयोजक भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो सहित अन्य मौजूद थे। वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति केंद्र सयोजक राजकुमार गालर, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता चौहान, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नफीस अहमद सिद्दीकी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष अशोक मालवीय, युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ चौधरी, भाजपा मंडल महामंत्री गोविंद मेहतो, मंडल उपाध्यक्ष बिपुल चौधरी, मंडल मंत्री श्रीमती राधा मैना, प्रशांत मनवारे, रौनक मालवीय, गौरव कोरी, अनिता भगोरिया, संध्या राय, विजय भंगाले, विवेक मिश्रा, बूथ अध्यक्ष विनोद जोशी, श्यामकांत मिश्रा, रामलखन चौरे, पैट्रिक साहू, आनंद इंगेले, शुभम प्रजापति, अनिल तिवारी, संदीप राय, नरेश माँझी, पारस प्रजापति सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचे तो रेत खाली कर डंपर लेकर भाग गए

# अवैध रेत से भरे तीन डंपर और एक जेसीबी को सुबह ग्रामीणों ने पकड़ा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

**सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले नर्मदा जी के तटो से मां नर्मदा जी के कलेजे को छलनी करते हुए रेत चोरों द्वारा रात के समय में अवैध उत्खनन का कार्य जमकर कर चल रहा है। रेत चोरों द्वारा रात भर जेसीबी की मदद से सैकड़ो डंपर और ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा अवैध रेत का उत्खनन रात भर किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की रेत चोरों से किरकिरी होने के बाद भी निरंतर रेत चोरी जारी है। ऐसा नहीं है कि इस रेत चोरी के बारे में पुलिस, माईनिंग, राजस्व विभाग के अधिकारीओ को नहीं मालूम हो सब को मालूम है। इस विषय में सब को जानकारी होने के बाद भी इन रोत चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि वह रंगदारी से रात को रेत चोरी करके ले जा रहे हैं।**





ग्रामीणों द्वारा सुबह रेत डंपरों को पकड़ा गया। लेकिन अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर चोर मौके पर ही रेत खाली कर डंपर ले गए।


ऐसा ही एक मामला आज सुबह ग्राम ननपा में देखने को मिला ग्रामीणों ने तीन डंपर जो अवैध रेत से भरे हुए थे रास्ता रात को पानी गिरने के कारण खराब हो गया और रात भर फंसे रहे जब इस बात की जानकारी सुबह ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने इन तीनों डंपरों को रोकने की कोशिश की रोकने के बाद लगभग दो से तीन घंटे तक इन ग्रामीणों ने डोलरिया थाना प्रभारी सहित उच्च अधिकारियों को जानकारी दी लेकिन घंटो बीत जाने के बाद में भी घटनास्थल पर कोई अधिकारी और कर्मचारी नहीं पहुंचा तो इन रेत चोरों ने रेत के अपने-अपने डंपर खाली कर भाग गए। ग्रामीणों ने बताया कि रोज रात को 12 बजे के बाद से ग्राम नानपा नर्मदा घाट पर अवैध रेत के डंपर चालू हो जाते हैं यही नहीं यहीं से 15-20 ट्रैक्टर ट्राली भी अवैध रेत खनन करती है।

इस घाट पर कोई रेत खदान नहीं होने के बाद भी इन रेत चोरों ने आश्रम की जो सड़क बनाई गई थी जो गांव से जगदन कुटी आश्रम जाती थी आज वह इन रोत चोरों ने उसे ध्वस्त कर दिया और अपने डंपर निकालते हैं यही नहीं इन अवैध रेत के डंपरों से क्षेत्र की सड़क भी जर्जर हो गई है जिसे देखने और सुनने वाला आज कोई नहीं है।

### मोरन नदी से रेत चोरी, विधायक को दिया आवेदन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**





बीते रोज ग्राम पंचायत लोखर तलाई में तेंदू पत्ता संग्रहको को वितरण की जा रही सामग्री के दौरान ही लोखर तलाई के ग्रामीणों ने एक ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा को सौंप कर क्षेत्र में हो रही रेत के अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि हम कीर समाज के लोग बरसों से मोरन नदी पर गर्मी के दिनों में डंगरवाड़ी ओर सब्जियों की वाडीयां लगाते हैं लेकिन इस मोरन नदी से लगातार अवैध रेत का उत्खनन दिन-रात किया जा रहा है हमने कई बार ट्रैक्टर ट्रॉली वालों को भी रोका गया लेकिन वह नहीं माने ग्रामीणों ने विधायक से मांग की है कि इस रेत अवैध उत्खनन पर शीघ्र ही रोक लगाई जाए क्योंकि इसी डंगरवाड़ी से हमारी पूरी रोजी रोटी चलती है। अगर हमारी डगरवाड़ी नहीं लग पाएगी जो हमारा मुख्य धंधा है जिससे हमारे बच्चे और परिवार चलता है उससे हम वंचित हो जाएंगे। अब देखना यह है कि ग्रामीणों के इन आवेदन पर विधायक कितने सक्रिय होते हैं।

# सांस्कृतिक-साहित्यिक उत्सवों में बुधनी के छात्रों ने लहराया परचम

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का नर्मदा पुरम जोन स्तरीय सांस्कृतिक साहित्यिक उत्सवों का कार्यक्रम एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय केसला में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में नर्मदा पुरम जॉन के 15 विद्यालयों के विभिन्न विधाओं के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बुधनी के विद्यार्थियों ने भी विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और विजेता रहे। विद्यालय की अंजली सोलंकी एवं लवेशकर ने स्पेल बी में, आरती बारेला ने कहानी सुनाने में, श्रेयांश ने इंस्ट्रूमेंट में, रोहित कुमरे सुमित खरते, सतीराम, मयूर मर्सकोले ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक साहित्यिक उत्सव के लिए अपना स्थान पक्का किया। इसी तरह लक्ष्मी बरेला ने वाद विवाद में भारती, अश्वनी, निधि परते, अर्चना उइके, अंशिका, पूजा, कविता, करिश्मा, पायल, राजवती सहित अन्य विद्यार्थियों ने समूह नृत्य में, साक्षी धुर्वे ने एकल गायन में, आरती बरेला, निशा, शिवानी, गायत्री, भारती ने समूह गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षकों ने भी सहभागिता की। संगीत शिक्षिका भारती बिछोले ने वोकल क्लासिकल में प्रथम स्थान, आर्ट शिक्षिका कृतिका मालवीय ने वह कल सेमी क्लासिकल में द्वितीय, प्रतिभा दुबे पीजीटी गणित में फोल्क में तीसरा स्थान पाया।

### मोबाईल, घरेलू विद्युत उपकरण सुधारने का निःशुल्क प्रशिक्षण

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए बैंक आफ इंडिया स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा सीहोर में 30 दिवसीय नि.शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आसेटी के डायरेक्टर ओम प्रकाश प्रजापति ने बताया कि आरसेटी द्वारा मोबाईल रिपेयरिंग प्रशिक्षण का प्रशिक्षण 18 सितम्बर से एवं हाऊस इलेक्ट्रिकल वायरिंग का प्रशिक्षण 25 सितम्बर से प्रारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) आरटीओ आफिस के पीछे इन्दौर-भोपाल रोड सीहोर में दिया जाएगा।







### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सिरोंज में शोभायात्रा का जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों द्वारा किया गया भव्य स्वागत

# भगवान श्रीकृष्ण की विशाल शोभा यात्रा में शामिल हुए हजारों की संख्या में श्रद्धालु





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम हर जगह देखी गई , वहीं शहर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शोभा यात्रा का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया यह शोभा यात्रा दोपहर 1 बजे से प्रसिद्ध छतरी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य बाजारों से होती हुई बासौदा नाका से छतरी चौराहे पर पहुंची। इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और श्री कृष्ण के जय कारों से शोभायात्रा में नृत्य करते हुए झूमते दिखे।


वैसे तो श्री कृष्णजन्माष्टमी पर विगत 16 वर्षों से यह शोभायात्रा निकाली जा रही है जिसमें मुख्य भूमिका यादव समाज की रहती है इस शोभायात्रा का आयोजन यादव समाज द्वारा किया जाता है जिसमें सभी समाजों के लोग एकत्रित होकर शोभा यात्रा में भाग लेते हैं और बड़ी ही श्रद्धा भाव से झूमते नाचते भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाते हुए सद्भावना के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाते हैं।

## राधा-कृष्ण की झांकी बनी आकर्षण, दिखाए अखाड़ेबाजों ने कर्तब

शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र श्री कृष्णा और राधा की झांकी रही जो शोभा यात्रा के शुरू होने से लेकर समापन तक अलग-अलग जगह नृत्य करती हुई दिखाई दी राधा कृष्ण के रूप में बहुत ही सुंदर और मनमोहन नृत्य की प्रस्तुति दी गई तो वही यादव समाज से संबंधित लोगों द्वारा लठिया घुमाकर कर्तव दिखाई गए। कस्टम चौराहे के आगे मटकी फोड़ने के लिए भी लोगों ने अपने प्रयास किया जिसमें बमुश्किल लोगों द्वारा मटकी फोड़ी गई।

**जगह–जगह भव्य स्वागत** : मुख्य चौराहा से जगह–जगह सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा के स्वागत की भव्य तैयारियां की गई सभी संगठनों द्वारा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए पानी से लेकर मिठाई और फलों की भी व्यवस्था की गई और उनके ऊपर जगह–जगह पुष्पों की वर्षा कर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में अपनी भूमिका निभाई । छतरी चौराहे पर एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक राम रघुवंशी द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया गया तो वही वाल्मीकि समाज द्वारा भी शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई चांदनी चौक पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा भी शोभायात्रा में शामिल भक्तो पर गुलाब के फूल से पुष्प वर्षा की गई तो वही शोभायात्रा में मौजूद लोगों के साथ नाचते झूमते दिखें और हाथी घोड़ा पालकी के नारे लगाएं। श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा भी भव्य स्वागत किया गया और सभी को फल वितरित किए गए। वही नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरशाद गोरी अशोक त्यागी अतीक मंसूरी राजेश दिनकर राकेश यादव संजय चौरसिया सहयोग शर्मा सुशील वंशकार अब्दुल वहाब खान ने शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अल्प संख्यक कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष जुनेद खान के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर यादव समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह का फूल बरसा कर स्वागत किया इस दौरान वरिष्ट कांग्रेस नेता केसर खान, केश शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन , साहबजादे बिलाल शकूर वार्ड नंबर 6 के पूर्व पार्षद भेय्यन भाई, वार्ड नंबर 6 से कांग्रेस प्रत्याशी अनीस राइन, नोमान हुसैन,हाजी मुहम्मद शफीक, सलमान राइन, पप्पू भाई सहित बड़ी संख्या में अल्प संख्यक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी रहा बारिश का दौर जारी, तापमान में आई गिरावट



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

पिछले दो दिनों से हल्की और तेज बारिश का दौर प्रारंभ हुआ है। जिसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली पानी नहीं गिरने के कारण उनकी फसले सूखकर चौपट होने की खबर पर पहुंच गई है।

उनके लिए बारिश अमृत का काम कर रही है। वहीं बारिश का दौड़ जारी रहने से केथन डेम भरने की उम्मीद भी एक बार फिर शहर वासियों की जाग गई है। इसी तरह निरंतर बारिश होती रही और किसी दिन झमाझम बारिश का दौर प्रारंभ हो जाएगा उसी दिन डेम के जलस्तर में वृद्धि हो जाएगी यदि झमाझम बारिश नहीं होती है तो गर्मियों के दिनों में पीने के लिए पानी का इंतजाम भी नहीं हो पाएगा इसीलिए सब की चिंताएं बड़ी हुई है।

बारिश का दौर पर आरंभ होते ही सबकी एक बार फिर उम्मीद है जग गई है 2 दिन से हल्की बारिश का दौर जारी रहने से गर्मी से राहत मिल गई है तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है ।दोपहर के बाद रुक-रुक कर हल्की होती रही मौसम भी सुहाना हो गया।

## इल्ली के खतरनाक प्रकोप से फसलों को बचाना हुआ मुश्किल



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बरसात समय पर नहीं होने के कारण ईल्ली का भयंकर कहर क्षेत्र में है कि उसको मरने के लिए किसान सभी तरह के जतन कर चुके हैं ।उसके आतंक से फसलों को बचाना मुश्किल हो रहा है ।कई किसान तीन से लेकर चार बार सस्ती और महंगी दामों की कीटनाशक दवा ख़रीद कर छिड़काव कर चुके हैं ।फिर भी दवाई का इल्ली पर कोई असर नहीं हो रहा है किसानों ने बताया कि हम लोग ईल्ली से फसलों को बचाने के लिए सभी तरह की दवाएं डाल चुके हैं उस पर कोई भी दवा काम नहीं कर रही है इल्ली इतनी अधिक मात्रा में है कि वह पेड़ों के साथ पत्तों को भी नहीं छोड़ रही है पत्तों में इतने छेद हो गए हैं कि एक-एक पेड़ पर 100-100 से लेकर डेढ़ सौ की संख्या में इल्ली है उसको मिटाने के लिए हम लोगों ने सभी जतन कर लिए अब बचना मुश्किल है ।कई ग्रामों में केवल डंठाल ही कुछ दिनों के बाद खेतों में दिखाई देंगे ऐसे हालात विकासखंड के कई ग्रामों में देखने को मिल रहे हैं। इसके बाद भी उचित सलाह देने के लिए कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों भी किसानों के बीच नहीं पहुंच रहे हैं।

## शास. आईटीआई में प्रवेश के लिए 23 तक अंतिम अवसर

विदिशा, दोपहर मेट्रो।

संचालनालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार रोजगार की पढाई चलो आई टी आई शा. आई टी आई विदिशा में प्रवेश संचालित हो रहे हैं। जिसमें पहले आओ पहले पाओं हेतु रजिस्ट्रेशन 23 सितंबर तक पोर्टल खोला गया है। जो भी छात्र-छात्राऐं प्रवेश लेना चाहते हैं वह 22 सितंबर 2023 तक अनिवार्य रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईस फिलिंग कराते हुये आई टी आई में उपस्थित हो कर प्रवेश कार्यवाही पूर्ण करें। प्रवेश पोर्टल (www.dsd.mp.gov.in ) पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। 22 सितंबर तक पंजीयन में त्रुटि सुधार एवं च्वाईस फिलिंग होगी। विदिशा में व्यवसाय में रिक्त सीटों की जानकारी वेल्डर -(20) फिटर (02 आईएमसी), मैकेनिक मोटर व्हीकल (06), ड्राफ्समेन सिविल ( 14 ), कोपा-(11), बुडवर्क टेक्नीशियन ( 13 ) व्यवसाय में प्रवेश लेकर अपना उज्जवल भविष्य बनायें।

# सेल्फी से दे रहे मतदाता जागरूकता का संदेश

### जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विशेष पहल



विदिशा, दोपहर मेट्रो।

मतदाता जागरूकता के संदेशो का सभी मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए विदिशा जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव के मार्गदर्शन में विशेष पहल की जा रही है। खासकर ऐसे मतदान केन्द्र जहां विगत निर्वाचन के दौरान औसत से कम मतदान का प्रतिशत रहा या महिला मतदाताओं का प्रतिशत कम रहा। उन मतदान केन्द्रो पर विशेष फोकस स्वीप गतिविधियों के तहत की जा रही है। विधानसभा क्षेत्र क्र. 145 के रिटर्निंग आफीसर व एसडीएम विजय राय द्वारा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रो पर अधिक से अधिक मतदाता अपने मतो का प्रयोग निर्भीक होकर करें का संदेश देने के लिए विभिन्न संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है जिसमें सोशल मीडिया पर उनके द्वारा संधारित कराई गई सेल्फी स्टेण्ड का उपयोग मतदाता कर रहे है और सेल्फी फोटो को सोशल मीडिया के एकाउंटो पर अपलोड कर मतदाता जागरूकता का संदेश देने में सहभागी हो रहे हैं।

### ग्राम कुलुआ महुआखेड़ा में वर्षों पुराने मजार की खुदाई का मामला

# आखिर मजार को खोदकर क्या निकाला, बना चर्चा का विषय

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

थाना पथरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुलुआ महुआखेड़ा पंचायत पंचायत कूजे में मंसूरी समाज के कब्रिस्तान में मजार की खुदाई का मामला सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि रात्रि में कुछ लोगों द्वारा कब्रिस्तान में एक मजार की खुदाई कर दी गई है खुदाई का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है खुदाई 1 से 2 फीट की की गई है। खुदाई में क्या निकला है यह भी एक चर्चा का विषय बना हुआ है।

वहीं, ग्राम के आरिफ पिता लियाकत खांन थाना प्रभारी के नाम एक आवेदन देकर मामले में कार्यवाही की मांग की है। मामले की जानकारी को लेकर थाना प्रभारी पथरिया कमल किशोर पवार का कहना है कि चौकीदार द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी की एक मजार की खुदाई हो गई है मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने स्थल पर पहुंचकर गांव वालों की मदद से खुदी हुई मजार को दोबारा ढकवा दिया गया है। वही आरिफ खांन के आवेदन पर पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है और पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है जो भी होगा उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। वही मामले को लेकर हमारे संवाददाता ग्राम कुलुआ पहुंचकर मामले



की पूछताछ की तो ग्राम के समीर सरवर माजिद रहमान अमजद ने बताया कि ग्राम में रात्रि में कुछ लोगों द्वारा हमारे कब्रिस्तान की खुदाई की जिसमें एक मजार को खोद दिया है हमने इसकी शिकायत थाने में भी की है जो भी हो उसे पर सख्त कार्रवाई की जावे ।

### कोच पॉल डाउटन के तीन मैचों के लिए युजवेंद्र खेलेंगे

# चहल ने कहा - इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलना मेरे लिए एक रोमांचक चुनौती

**नईदिल्ली, एजेंसी**

काउंटी क्लब केंट की ओर से जारी बयान में युजवेंद्र चहल ने कहा कि इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलना मेरे लिए एक रोमांचक चुनौती है और मैं इसका बहुत इंतजार कर रहा हूं। वहीं केंट क्लब के कोच पॉल डाउटन ने कहा कि हम सीजन के तीन मैचों के लिए युजवेंद्र चहल जैसे क्वालिटी स्पिनर को पाकर खुश हैं। एशिया कप के बाद वर्ल्ड कप में नहीं चुने गए स्पिनर युजवेंद्र चहल काउंटी चैम्पियनशिप में खेलेंगे। उन्होंने केंट के साथ करार किया है। वह नॉटिंघमशर और लंकाशर के खिलाफ घरेलू मैदान पर केंट के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं समरसेट के खिलाफ वे मैच के लिए भी टीम के साथ रहेंगे।



### चहल ने 31 फर्स्ट क्लास में लिए हैं 87 विकेट

चहल ने 33 फर्स्ट क्लास मैचों में 35.25 की औसत से 87 विकेट विकेट लिए हैं। उनका बेस्ट फिगर पारी में 44 रन पर 6 विकेट और मैच में 112 रन पर 8 विकेट है। चहल केंट की ओर से खेलने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर हैं। उनसे पहले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने जून-जुलाई में केंट के लिए पांच मैचों में 13 विकेट ले चुके हैं। अर्शदीप सिंह जून-जुलाई में केंट की ओर से खेलते हुए 13 विकेट लिए थे।

### इधर, राहुल-ईशान में किसी एक को मौका

अगर केएल राहुल फिट होते, तो इशान किशन का टीम में शामिल होना भी मुश्किल था। लेकिन पाकिस्तान के साथ पिछले मैच में उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर टीम मैनेजमेंट के सामने परेशानी खड़ी कर दी है। अजीत अगरकर ने भी माना कि हमारे पास विकल्प के तौर पर दो अच्छे विकेटकीपर-बल्लेबाज़ हैं। कुल मिला कर यह एक अच्छा सिरदर्द है। किशन ने हाल ही में अच्छा खेला है और वह टॉप ऑर्डर में भी अच्छा खेलते हैं।

### फिट नजर आए केएल राहुल

केएल राहुल ने एशिया कप टीम से जुड़ने के बाद गुरुवार को पहली बार नेट पर अभ्यास किया। उन्होंने थ्रोडाउन गेंदबाजी पर अभ्यास की शुरुआत की। बल्लेबाजी के दौरान भी उन्होंने अच्छी टाइमिंग के साथ कुछ बेहतरीन पंच और ड्राइव लगाए। इस दौरान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने उन पर लगातार नज़र बनाए रखी। इस दौरान राहुल लय में दिखे और उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। ऐसे में उनके अगले मैच में खेलने की संभावना बन रही है।



### टीम मैनेजमेंट को पूरा भरोसा

केएल राहुल की फिटनेस और बल्लेबाजी में उनकी पोजीशन को लेकर काफी सवाल उठ रहे हैं, लेकिन भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर उन्हें लेकर काफी आश्वस्त हैं। अगरकर ने उनकी फ़िटनेस स्तर पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अब वह पूरी तरह से फ़िट हैं। उन्होंने कहा कि उनके टीम में होने से हमें एक बढ़िया संतुलन मिलता है। राहुल ने पिछले कुछ दिनों में एनसीए में कुछ मैच खेले हैं। उन्होंने 50 ओवर तक कीपिंग की और लगभग 50 ओवर तक बल्लेबाजी भी की।

### साउथ अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए

## पांच मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 की बढ़त

**ब्लूमफोंटेन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 3 विकेट से हरा दिया। ब्लूमफोंटेन के मैंगॉन्ग ओवल मैदान पर पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 222 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट खोकर 40.2 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। कन्कशन सब्स्टिट्यूट प्लेयर मार्नस लाबुशेन ने 80 रन बनाए। उन्होंने 8वें विकेट के लिए एश्टन एगर के साथ 112 रन की पार्टनरशिप की और टीम को आसानी से जीत के पार पहुंचाया। साउथ अफ्रीका की ओर से कप्तान तेम्बा बावुमा ने नॉट आउट 114 रन बनाए। इस जीत के साथ 5 मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा वनडे इसी मैदान पर 9 सितंबर को खेला जाएगा। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत बेहद धीमी रही। टीम ने 9वें ओवर में क्विंटन डी कॉक का विकेट भी गंवा दिया। उनके बाद रासी वान डर डसेन भी 8 रन बनाकर रन आउट हो गए।



### सौ रन पर 5 विकेट

100 रन के स्कोर पर 5 विकेट जल्दी गंवाने के बाद मार्को यानसेन और बावुमा ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। यानसेन 32 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच पार्टनरशिप टूटी। टीम ने फिर गेराल्ड कोएट्जे (2 रन), केशव महाराज (2 रन) और कगिसो रबाडा (1 रन) के विकेट भी जल्दी गंवा दिए। आखिर में तेम्बा बावुमा ने एक एंड से रन बनाए, उन्हें लुंगी एनगिडी का साथ मिली। एनगिडी ने 10 गेंदें खेलकर कोई रन नहीं बनाया, इतने में बावुमा ने शतक लगा दिया।

## वर्ल्ड कप: नीदरलैंड की टीम में मेर्वे व कॉलिन की वापसी

**बेगास, एजेंसी**

वनडे वर्ल्ड कप में 12 साल बाद क्वालिफाई करने वाले नीदरलैंड ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। 15 प्लेयर्स के स्क्वॉड में स्पिनर कॉलिन एकरमैन, तेज गेंदबाज पॉल वान मीकरन और ऑलराउंडर रूलोफ वान डर मेर्वे की वापसी हुई है। वहीं वर्ल्ड कप क्वालिफायर में टीम का हिस्सा रहे लेफ्ट आर्म पेसर फ्रेड क्लासेन इंजरी के कारण स्क्वॉड में जगह नहीं बना सके। वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में खेला जाएगा। नीदरलैंड का पहला मुकाबला 6 अक्टूबर पाकिस्तान के खिलाफ हैदराबाद में होगा। स्कॉट एडवर्ड्स कप्तानी करेंगे। विकेटकीपर बैटर स्कॉट एडवर्ड्स नीदरलैंड टीम की कप्तानी करेंगे। उनकी ही कप्तानी में टीम ने जुलाई के दौरान जिम्बाब्वे में हुए वर्ल्ड कप क्वालिफायर के फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में जगह बनाने के कारण ही टीम ने वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई किया था।

### आखिरी बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से आईपीएल खेला था

## अगले साल आईपीएल खेल सकते हैं स्टार्क

**ब्लूमफोंटेन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के लेफ्ट आर्म पेसर मिचेल स्टार्क 2024 का आईपीएल खेल सकते हैं। उन्होंने मिनी ऑक्शन में अपना नाम रखने का मन बना लिया था। अगर किसी टीम ने उन्हें चुन लिया तो वह 9 साल बाद आईपीएल खेलते नजर आएंगे। स्टार्क ने 2015 में आखिरी बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से आईपीएल खेला था। आईपीएल का मिनी ऑक्शन अगले साल जनवरी के पहले या आखिरी सप्ताह में हो सकता है। टूर्नामेंट मार्च से मई के बीच 2024 में खेला जाएगा।




मिचेल स्टार्क ने खुद को 2024 के आईपीएल के लिए अवेलेबल रखा है। उन्होंने कहा कि 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप आईपीएल के ठीक बाद खेला जाएगा। ऐसे में आईपीएल से बेहतर तैयारी उन्हें नहीं मिल पाएगी। 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप 4 से 30 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी। मिचेल स्टार्क ने 2014 और 2015 में अब तक 2 ही बार आईपीएल खेला है। दोनों ही बार वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा रहे। इसके बाद 2018 में उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा था, लेकिन इंजर्ड होने के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। 27 मैचों में स्टार्क ने 34 विकेट लिए हैं। उन्होंने 7.17 की इकोनॉमी से रन दिए, उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 15 रन देकर 4 विकेट रहा।

### यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में 10 सितंबर को खेला जाएगा फाइनल

## अल्कारेज सेमीफाइनल में पहुंचे, डेनियल से होगा सामना

**न्यूयार्क, एजेंसी**

अल्कारेज ने मुकाबले को सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 6-4 के अंतर से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में उनका सामना 9 सितंबर को डेनियल मेदवेदेव से होगा। यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में 22 अगस्त से 10 सितंबर तक खेला जा रहा है। मेंस सिंगल्स में अल्कारेज और ज्वेरेव का मुकाबला खेला गया। वहीं बेलारूस की एरिना सबालेंका सेमीफाइनल में पहुंच गई है। विमेंस सिंगल्स में बेलारूस की एरिना सबालेंका ने चीन की झेंग किनवेन को सीधे सेटों में हराकर रु ओपन की सेमीफाइनल में पहुंची। एक घंटे 13 मिनट तक चले मैच में उन्होंने चीनी खिलाड़ी को 6-1, 6-4 से हराया। सबालेंका इस साल के शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया था।





### मैच देखने पहुंचे धोनी

अल्कारेज के पीछे एमएस धोनी अपने कुछ दोस्तों के साथ बैठे नजर आए। ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर धोनी का वीडियो भी शेयर किया। वीडियो में धोनी कुछ लोगों से बात करते-करते हंसते नजर आए। एक महिला फैन के साथ धोनी की तस्वीर सामने आई थी। इसके बाद धोनी 2 फैंस के साथ नजर आए। दोनों ही बार धोनी अमेरिका में थे। अब वे न्यूयॉर्क में यूएस ओपन टेनिस का मैच देखने पहुंचे।



### मेट्रो बाजार

## आईपीओ: साएंट डीएलएम ने सबसे ज्यादा 171 प्रतिशत रिटर्न दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ में पैसा लगाने वालों के लिए 2023 शानदार साबित हो रहा है। इस साल अब तक मेन बोर्ड के 20 आईपीओ आ चुके हैं। इनमें से सिर्फ एक शेयर इश्यू प्राइस के नीचे है और एक इश्यू प्राइस के आसपास ट्रेड कर रहा है। लेकिन 18 शेयरों ने 171त्न तक रिटर्न दिए हैं। मंगलवार को लिस्ट हुई वाटर प्रोजेक्ट्स फर्म विष्णु प्रकाश आर पुंगलिया साल का 20वां आईपीओ रहा। पहले ही दिन इस शेयर ने इश्यू प्राइस पर 47 फीसदी रिटर्न दिया। वैसे सभी 20 आईपीओ ने लिस्टिंग के दिन औसतन 34 फीसदी रिटर्न दिए। आईपीओ आने से लेकर अब तक का इनका औसत रिटर्न भी 46 फीसदी रहा है। साएंट डीएलएम ने सबसे ज्यादा 171 फीसदी रिटर्न दिया। वहीं, उदयशिवकुमार इन्फ्रा और पिरामिड टेक्नोप्लास्ट इस रैली में पिछड़ गए।





विदेशी निवेशकों ने की ताबड़तोड़ खरीदारी, इससे बाजार को सपोर्ट 2023 में अब विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में करीब 1.40 लाख करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। इससे आईपीओ बाजार को तगड़ा सपोर्ट मिला। इस बीच स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्टेड नई कंपनियों के शेयरों में औसतन 22 फीसदी उछाल आया। सेंट्रम कैपिटल के इन्वेस्टमेंट बैंकिंग पार्टनर प्रांजल श्रीवास्तव ने कहा, बाजार में पॉजिटिव ट्रेंड है। अच्छे शेयरों की डिमांड बनी हुई है। मेन बोर्ड आईपीओ का ओवर सब्सक्रिप्शन और लिस्टिंग के बाद बढ़त संकेत दे रही है कि तेजी बनी रहेगी।

## म्यूनिख ऑटो शो में एडवांस फीचर टेक्नोलॉजी कारें

**मुंबई, एजेंसी।** यूरोप के जाने-माने ऑटो शो मोबिलिटी-2023 में सभी बड़े कार ब्रांड्स ने एडवांस फीचर और इनोटिव टेक्नोलॉजी वाली कारें शोकेस की हैं। कनेक्टिविटी और अलर्ट जैसे फीचर्स से कहीं आगे अब ये कारें हाईटेक फीचर्स के साथ ड्राइविंग का अनुभव बदलने को तैयार हैं। ऑडी की क्यू 6 ई-ट्रॉन का एचयूडी सिस्टम 600 फीट दूर की जानकारी पहले ही बता देगा। इससे दुर्घटना की आशंका खत्म होगी। रेनो की नई कार सस्टेनेबल मॉडल को ध्यान में रखकर बनाई गई है। चीनी कार निर्माता की मिनीवैन ने फीचर्स के मामले में सबको पीछे छोड़ दिया है। थ्री-डी इंटीरियर से लैस इस ईवी में इंफोटेनमेंट के लिए डैशबोर्ड पर 3 डिस्प्ले हैं। इसे बेस्ड वॉयस असिस्टेंट से कंट्रोल कर सकते हैं। ऑगमेंटेड रियल्टी इनेबल्ड हेड अप डिस्प्ले से ड्राइवर को 600 फीट आगे की जरूरी जानकारियां जैसे ट्रैफिक साइन, नेविगेशन, विजिबिलिटी रियल टाइम में पता चलती हैं। सिंगल चार्जिंग में 600 किमी रेंज है। यह पूरी तरह से नेक्स्ट जेन श्ङ्क है। सेकेंड रो में जबर्दस्त सुविधाएं हैं।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## विक्की बोले- डायरेक्टर ने कट करने को नहीं कहा, हम शूट करते गए

जविक्की कौशल ने हाल ही में फिल्म मसान के आइकोनिक डायलॉग 'ये दुख काहे खत्म नहीं होता' की शूटिंग के बारे में बात की। विक्की ने बताया कि उन्होंने इस डायलॉग के लिए अपने कैरेक्टर पर किस तरह काम किया। विक्की कौशल ने वी आर युवा यूट्यूब चैनल से बात करते हुए बताया कि उन्होंने इस सीन और कैरेक्टर में जाने के लिए ये कल्पना की थी उनकी मां अब इस दुनिया में नहीं रहीं। उन्होंने बताया कि इस बात का दुख इतना ज्यादा डरा देने वाला था कि उन्होंने आसानी से ये डायलॉग डिलीवर कर दिया। विक्की ने बताया- मैंने इस सीन के लिए करीब एक घंटा गंगा नदी के तट पर बैठे हुए बिता दिया। मन ही मन में मैं ये सोचता रहा मेरे साथ कुछ बहुत बुरा हो रहा है। मैं ये इमेजिन करता था कि मैं अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी करके वापस घर लौट आया हूं और मेरी मां वहां नहीं हैं। इसके बाद मुझे ये बताया जा रहा है कि मां इस दुनिया से जा चुकी हैं। लोग मुझसे कह रहे हैं कि आपको इस बात की जानकारी इसलिए नहीं दी क्योंकि आप काम में व्यस्त थे और हम नहीं चाहते थे कि आपके काम पर असर पड़े। विक्की ने आगे बताया- मैंने इस तरीके से अपने मन में पूरी कहानी बना रखी थी कि मेरी मां को गुजरे हुए 20 दिन हो चुके हैं और मुझे किसी ने कुछ भी नहीं बताया। उन्होंने ये भी बताया कि वो सीन सिर्फ इस डायलॉग पर खत्म होना था कि- यार साले ये दुख काहे खत्म नहीं होता बे' और इस सीन में रोना नहीं जुड़ा हुआ था। उन्होंने कहा- लेकिन, क्योंकि मैं बहुत देर से अपने मन में मां के चले जाने के इमोशंस को लेकर चल रहा था तो आगे हुआ वो किसी ने नहीं सोचा था। विक्की ने सीन के बारे में बात करते हुए कहा- मैं नशे में था, दुखी था और इस वजह से मैंने शालू के किरदार का डायलॉग भी रिसाइट किया था- तू किसी रेल सी गुजरती है, मैं किसी पुल सा थरथराता हूं..इसके बाद शालू जो भी कहती है मैंने वो सब कुछ रिपीट किया और फिर ट्रैक पर अचानक से ट्रेन गुजर गई। विक्की ने आगे बताया- मैं अपने मन में दबे हुए इन इमोशंस को कंट्रोल नहीं कर पाया और रोने लगा। इसलिए फिल्म में उस फ्रेम में मैं डगमगाते हुए चल रहा हूं और मेरे दोस्त मुझे संभालते हुए दिखाई दे रहे हैं। जो कुछ भी हुआ उसमें से कुछ भी हमारे प्लान में नहीं था, लेकिन डायरेक्टर नीरज घेवन ने कट करने के लिए भी नहीं कहा तो हम शूट करते गए। विक्की कौशल ने 2012 में लव शव ते चिकन खुराना फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया था। जल्द ही विक्की डायरेक्टर विजय कृष्ण आचार्य की कॉमेडी फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली में दिखाई देंगे।



## वजन ज्यादा होने पर फिल्म से निकाली गई थी राधिका...



राधिका आप्टे ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्हें ऑफबीट फिल्मों के लिए जाना जाता है। राधिका अभी तक फिल्मी परदे का बड़ा चेहरा नहीं बन पाई पर ये ह्रञ्ज की सुपरस्टार जरुर हैं। करियर के शुरुआती दिनों में उन्हें कई बार कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। राधिका ने थिएटर से लेकर बॉलीवुड तक का सफर तय किया है। उन्होंने फिल्म वाह लाइफ हो तो ऐसी से बॉलीवुड डेब्यू किया था। ये सेक्रेड गेम्स और घाउल जैसी वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वहीं इन्होंने पैडमैन और अंधाधुंध जैसी बेहतरीन फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। दमदार एक्टिंग की वजह से उन्हें इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया था। राधिका का जन्म 7 सितंबर 1985 को तमिलनाडु में एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पेरेंट्स पेशे से डॉक्टर हैं। पुणे में, राधिका ने शुरुआती पढ़ाई स्कूल से पूरी की थी लेकिन कुछ समय बाद परिवार वालों ने उनका स्कूल जाना बंद करा दिया। बिल्डिंग के 4 बच्चों के साथ राधिका ने आगे की पढ़ाई घर से ही पूरी की। पेरेंट्स का मानना था कि स्कूल



## नयनतारा ने बच्चों को बनाया कृष्ण, शेयर की फोटो

एक्ट्रेस नयनतारा ने कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर अपने दोनों बच्चों की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने बीते दिनों इंस्टाग्राम पर अपना अकाउंट बनाया था। इन तस्वीरों में उनके दोनों बच्चे- उयिर और उलग दिखाई दे रहे हैं। नयनतारा ने अपने दोनों बच्चों को कृष्ण के गेटअप में सजाया हुआ है। अपने बच्चों की तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- हमारे दो कृष्ण के साथ! आप सभी को जन्माष्टमी की बहुत-बहुत बधाई! उयिर और उलग को ढेर सारा प्यार! इसके अलावा नयनतारा ने अपने पति विग्नेश शिवन के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा- मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं। ये फोटो विग्नेश शिवन के डायरेक्शन में बनी फिल्म नानुम राउडी थान की है।

## गुनगा से लापता हुई 15 वर्षीय लड़की को पुलिस ने किया बरामद

# नाबालिग का अपहरण कर किया बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**गुनगा इलाके से लापता हुई एक नाबालिग लड़की को पुलिस ने बरामद कर लिया। उसका अपहरण कर बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इसी इलाके से एक महीने पहले लापता हुई एक नाबालिग लड़की को सीहोर स्थित एक मंदिर से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।**



थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी चार दिन पहले घर से बगैर बताए लापता हो गई थी। परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। घरवालों ने इस मामले में एक युवक पर लड़की को लेकर जाने का संदेह जाहिर किया था। पुलिस ने तकनीकी आधार पर आरोपी रोशन उर्फ छोटू राव (18) निवासी गुनगा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद किया गया। पीड़िता के बयानों के बाद आरोपी रोशन के खिलाफ अपहरण और बलात्कार समेत विभिन्न धाराओं का इजाफा किया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से जेल भेज दिया गया है।

### सीहोर के मंदिर से बरामद हुई एक और किशोरी

थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि गुनगा इलाके में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी करीब एक महीने पहले घर से बगैर बताए लापता हो गई थी। परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। उसके बाद से किशोरी की तलाश की जा रही है। इसी बीच सूचना मिली कि उक्त किशोरी सीहोर स्थित एक प्रसिद्ध मंदिर परिसर में रह रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पूछताछ में पता चला कि घरवालों से नाराज होकर किशोरी चली गई थी और उसके बाद से वह मंदिर परिसर में ही रह रही थी।

## कटारा हिल्स पुलिस ने नाबालिग को सकुशल बरामद किया

**भोपाल।** कटारा हिल्स इलाके में रहने वाली एक किशोरी घर से बगैर बताए लापता हो गई थी। पुलिस ने उसे सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह नाराज होकर घर से चली गई थी। थाना प्रभारी भानसिंह प्रजापति ने बताया कि इलाके की झुग्गीबस्ती में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी बगैर बताए घर से लापता हो गई थी। परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया गया था। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण लड़की की तलाश में पुलिस की विशेष टीम लगाई गई थी। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और सटीक सूचना के बाद गुरुवार को उसे एम्स अस्पताल के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया है। किशोरी से पूछताछ के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित रेलवे फाटक के पास गुरुवार दोपहर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे हादसा मानकर चल रही है।

एएसआई प्रवीण वैश्य बेस ने बताया की गुरुवार दोपहर सूचना मिली थी कि रेलवे फाटक सिग्नल से कुछ आगे की तरफ एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस में घटनास्थल का निरक्षण कर शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान रामबाबू सिसोदिया (32) निवासी मछली मार्केट बैरागढ़ के रूप में की गई। रामबाबू सिसोदिया मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि कुछ दिन पहले ट्रेन से गांव जाते समय वह गिर गया था। ट्रेन से गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। चोट होने के कारण करीब 2 महीने से वह बेरोजगार था।

## निजी अस्पताल में निवेश के नाम पर रुपए लेकर, खाली खाते का चेक देने वाला गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

चूनाभट्टी पुलिस ने एक निजी अस्पताल के पार्टनर को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पांच स्थाई वारंट थे। दरअसल, आरोपी अस्पताल में निवेश के नाम पर मोटी रकम लेता था और बदले में चेक थमा दिया करता था। आरोपी ने इस तरह की वारदात चुनाभट्टी कोलार और आसपास के थाना क्षेत्र में की थी। 2 साल पहले की इस वारदात के बाद आरोपी के खिलाफ पांच स्थाई गिरफ्तारी वारंट थे। आरोपी पुलिस को लगातार चकमा देकर फरारी काट रहा था।




पुलिस के अनुसार पैराडाइज सोसायटी चुनाभट्टी निवासी अक्षत श्रीवास्तव एक निजी अस्पताल में पार्टनर था। वह अस्पताल के नाम पर लोगों से निवेश कराता था और बदले में उन्हें चेक दे दिया करता था। लोगों ने जब उक्त चेक बैंक में लगाए तो पता चला खाते में रुपए ही नहीं है। आरोपी के खिलाफ पांच स्थाई वारंट थे। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नवविवाहिता ने लगाई थी फांसी, ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज

**भोपाल।** बिलखिरिया इलाके में फांसी लगाकर खुदकुशी करने वाली एक नवविवाहिता के मामले में पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। इस मामले में आरोपी पति और ननद को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य दो की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक अवधपुरी निवासी चित्रा बरैया (30) की शादी कुछ महीने पहले प्रभातम हाईट्स पटेल नगर निवासी संजीव बरैया के साथ हुई थी। बीती 25 अगस्त को चित्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। घटना से पहले उसका पति के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने स्वयं को कमरे में बंद कर लिया था। फांसी लगाने से पहले चित्रा ने अपने पिता से फोन पर बात की थी।



काफी देर तक उसने दरवाजा नहीं खोला तो संजीव ने अपने चाचा ससुर को फोन पर जानकारी दी। चाचा ससुर घर पहुंचे और किसी तरह दरवाजा खोला तो चित्रा फंदे पर लटकी मिली। मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने मायके वालों के बयान लिए तो पता चला कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। इसकी जानकारी चित्रा ने परिवार वालों को दी थी। जांच के बाद पुलिस ने पति संजीव बरैया के साथ ही उसकी बहन और माता-पिता के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है।

### नाराजगी




भोपाल। शाहजहांनी पार्क में दिव्यांग संयुक्त मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। शाहजहांनी पार्क में नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने दिया धरना।

## ई रिक्शे पर कंटेनर पलटा, तीन युवक और युवती, मामूली घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित मीनाल गेट नंबर 2 के पास मुख्य चौराहा पर डाक से भरा कंटेनर ई रिक्शा पर पलट गया। इस हादसे में ई रिक्शा सवार तीन युवक और एक युवती को मामूली चोट आई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर सभी को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया था, वहां सभी को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह साढ़े 4 बजे के आसपास सूचना मिली थी की मिनाल गेट नंबर दो के पास ई रिक्शा और कंटेनर का हादसा हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो कंटेनर के नीचे ई रिक्शा फंसा हुआ था। किसी तरह ई रिक्शे को बाहर निकाला गया और उसमे सवार युवती समेत चार लोगों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने कंटेनर चालक को हिरासत में लेकर मेडिकल के लिए भेज दिया है। अनुमान है की वह नसे में था।

**बड़ा हादसा टला, रेस्क्यू कर पुलिस ने बाहर निकाला**



## रेलवे चीफ कंट्रोलर से ब्लैकमेलिंग मामले में FIR, दोनों फरार

**भोपाल।** रेलवे के चीफ कंट्रोलर संजय कटारे को ब्लैकमेल करने वाले उनके साथी चीफ कंट्रोलर निरपेंद्र सिंग गंगवार और उसकी महिला मित्र काजल तोमर के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इसकी भनक लगते ही निरपेंद्र फरार हो गया। गुरुवार रात पुलिस उसके घर और अन्य संभावित ठिकानों पर पहुंची। आरोपी महिला के संबंध में भी फिलहाल पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

पीड़ित संजय कटारे ने बताया, 13 महीने बाद राहत की सांस ली। पूरा परिवार तनाव में था। पत्नी के समझाने पर मैं शिकायत करने को राजी हुआ।



पुलिस ने बुधवार को मामला दर्ज किया।

### पूरा मामला जानिए

संजय कटारे (52) रेलवे में चीफ कंट्रोलर हैं। वे भोपाल कंट्रोल रूम में पदस्थ हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 30 दिसंबर 2021 को उनके साथी चीफ कंट्रोलर निरपेंद्र ने उन्हें अपनी जन्मदिन पार्टी में बुलाया था। जब वह पार्टी में पहुंचे तो निरपेंद्र ने उनकी पहचान काजल परमार नाम की युवती से कराई। काजल एक एनजीओ में काम करती है। इसके कुछ समय बाद निरपेंद्र और काजल ने उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। दोनों ने धमकाया कि रेप के झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवा देंगे। नौकरी चली जाएगी और समाज में बदनामी भी होगी। डरा धमकाकर उनसे सा? पांच लाख रुपए वसूल लिए।

**मेट्रो एंकर** | **अयोध्या नगर चौराहे पर हुई घटना**

# स्पीड ब्रेकर पर महिला डॉक्टर के गले से बाइक सवार बदमाशों ने उड़ाई चेन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर चौराहा स्थित स्पीड ब्रेकर स्कूटर सवार महिला डॉक्टर के गले से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन उ?ा ली। महिला को जब चेन गायब होने का पता चला तो उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चेन चोरी का केस दर्ज कर लिया है। जिन बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया उनकी बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी। हालांकि पुलिस का कहना है कि चेन कहां और कैसे गायब हुई, अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक डॉक्टर प्रियंका गर्ग (42) डेंटिस्ट हैं और न्यू मिलाल रेसीडेंसी में रहती हैं। बुधवार रात वह अपनी बेटी के साथ काम से बोनीफाई स्कूल के पास गई थी। उस वक्त वह अपने गले में 40 हजार रुपए कीमत की सोने की चेन पहने हुई थी। रात करीब सा? आठ बजे वह स्कूटर से वापस घर लौट रही थी। अयोध्या नगर चौराहा स्थित स्पीड ब्रेकर पर उन्होंने अपनी स्कूटर धीमी की, तभी बगल से बगैर नंबर की बाइक पर सवार युवक निकले और उनके गले से सोने की चेन छीन ली। आगे जाकर डॉक्टर को चेन गायब होने का अहसास हुआ तो उन्होंने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। उसके बाद देर रात थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया। इधर अशोका गार्डन थानांतर्गत दुर्गाधाम मंदिर परिसर पहुंची डोली जादौन (33) के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। चोरी गई चेन की कीमत 30 हजार रुपए बताई गई है। घटना बुधवार शाम करीब पांच बजे की बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।








स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022